जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 | वर्षः 17 | संख्याः 157 | प्रभात | हिण्डौन सिटी, गुरूवार 9 अप्रैल, 2026 | पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

# पवन खेड़ा को विश्वास है, उन्हें तेलंगाना में अग्रिम जमानत मिल जाएगी

## उनके विश्वास का आधार है, तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार होना तथा उनकी पत्नी का तेलंगाना पीसीसी में पदाधिकारी होना

- पर, विडंबना यह है कि मेमने की माँ कब तक खैर मनायेगी, क्योंकि असम के मुख्यमंत्री सरमा हाथ धोकर पवन खेड़ा को गिरफ्तार करने की तैयारी में हैं। पवन खेड़ा ने बहुत अनर्गल आरोप लगाये हैं, सरमा की पत्नी पर, उनके पास तीन-तीन पासपोर्ट हैं तथा खाड़ी देशों में अपार सम्पत्ति है, आदि।
- जैसा कि संभावना दिख रही है, असम में भाजपा की सरकार बनेगी तथा सरमा मु.मंत्री, और खेड़ा को गिरफ्तार करने की अपनी प्रबल इच्छा को सरमा थोथा साबित नहीं होने देंगे।
- खेड़ा का गिरफ्तार होना इस बात पर निर्भर होगा कि राहुल गांधी और कांग्रेस उनके समर्थन में कितनी मजबूती से खड़ी होती है। हालांकि, राहुल गांधी पर प्रायः यह आरोप लगता है कि वे अपने समर्थकों को ज्यादा ''बैक'' नहीं करते।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष पवन खेड़ा ने हैदराबाद में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया है, क्योंकि गंभीर आशंका जताई जा रही है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वास सरमा उन्हें गिरफ्तार कराने की कोशिश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार खेड़ा द्वारा मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ लगाये गये आरोप गंभीर प्रकृति के हैं।

असम और दिल्ली पुलिस उनके निज़ामुद्दीन स्थित घर पर पहुंची थीं, लेकिन वे घर पर नहीं थे। संभव है कि उन्हें जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री उन्हें गिरफ्तार कराने की कोशिश कर रहे हैं, जैसा कि खेड़ा और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जिनमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं, के खिलाफ प्रयोग की गई उनकी भाषा से संकेत मिलता है। ज्ञातव्य है कि सरमा ने खड़गे के लिये ''पागल'' शब्द प्रयोग किया था।

हिमंता ने आधे घंटे के भीतर घोषणा कर दी कि पवन खेड़ा हैदराबाद में हैं। खेड़ा की पत्नी तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी हैं और तेलंगाना में कांग्रेस सरकार है।

समझा जा रहा है कि खेड़ा तभी दिल्ली लौटेंगे, जब उन्हें अग्रिम जमानत मिल जाएगी, तेलंगाना में अग्रिम जमानत लेना दिल्ली की तुलना में आसान है, क्योंकि दिल्ली में भाजपा सरकार है।

मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें उनके पास कई पासपोर्ट होना और विदेश में जमा की गई बड़ी संपत्ति शामिल है।

कल असम में विधानसभा चुनाव होंगे, लेकिन परिणाम एक महीने बाद ही घोषित होंगे।

पवन खेड़ा के लिए असम के मुख्यमंत्री की पकड़ से बाहर रहना चुनौतीपूर्ण है और यह किसी के लिए भी अनुमान करना कठिन है कि क्या स्थिति बनेगी।

# ईरान ने होर्मुज़ स्ट्रेट फिर बंद किया

वॉशिंगटन डीसी, 08 अप्रैल। इज़रायल ने बुधवार दोपहर मध्य बेरूत में कई हमले किए। घनी आबादी वाले कई व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को बिना पूर्व सूचना के निशाना बनाया गया। हमले ऐसे समय में हुए, जब ईरान के साथ युद्ध विराम की घोषणा हो चुकी थी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इन हमलों में 254 लोगों की मौत हुई और 1,165 लोग घायल हुए हैं।

- ईरान ने यह कदम इज़रायल द्वारा लेबनान पर हमला करने के विरोध में उठाया। इस हमले में 254 लोग मारे गए हैं।

उधर, एसोसिएटेड प्रेस ने ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ईरान ने लेबनान पर इज़रायली हमलों के जवाब में होर्मुज़ स्ट्रेट को बंद कर दिया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीबीएस न्यूज आवर को बताया कि लेबनान को समझौते में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि वहां चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला मौजूद है। जब उनसे इज़रायल के हालिया हमलों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह एक अलग झड़प है। इज़रायल ने कहा था कि यह समझौता ईरान समर्थित हिजबुल्ला के साथ उसकी जंग पर लागू नहीं होता। हालांकि, मध्यस्थ पाकिस्तान ने कहा कि यह लागू होता है।

# पुरानी संस्कृति व सभ्यता ने ट्रंप को घुटने पे ला दिया

## ट्रंप चरमराती ''झूठी-सच्ची'' सीज़फायर पर राज़ी हुए और पुरानी ''टाको छवि'' (ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट) पर खरे उतरे

- सीज़फायर के बाद, ईरान को ''स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़'' पर आवागमन नियंत्रित करने का पूर्ण अधिकार मिला। यह अधिकार उसको युद्ध के पहले प्राप्त नहीं था। ट्रंप ने यह अधिकार ईरान को थाली में परोस कर दिया। हर जहाज, जो ''स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़'' का उपयोग करेगा, उसे अब ईरान को 2 मिलियन डॉलर प्रति जहाज की दर से शुल्क देना होगा।
- ईरान ने यह भी शर्त ''मनवा सी'' ली है कि उससे संरक्षण प्राप्त संगठन जैसे लेबनान में हिज़बोला तथा यमन में हुती पर ट्रंप व उसके साथी आक्रमण कर क्षति नहीं पहुँचायेंगे।
- युद्ध का अमेरिका दृष्टि से एक ध्येय था कि ईरान में सत्ता परिवर्तन होगा, पर, कई प्रथम पंक्ति के नेताओं को बमबारी से खत्म करने के बाद भी ईरान की पुरानी व्यवस्था सत्ता में है तथा उसके खिलाफ थोड़े-बहुत असंतोष की लहर भी युद्ध के समय समाप्त हो गई और सत्ता व व्यवस्था के साथ जनता है, पुराने शिकवे, शिकायतें भुलाकर।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। ट्रम्प प्रशासन के ईरान के साथ संघर्षविराम समझौते की ओर आगे बढ़ने के साथ ही अमेरिकन युग का अंत हो गया। इसके एक दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने धमकी दी थी कि वे ईरान की सभ्यता को मिटा देंगे।

सबसे विडंबनापूर्ण यह है कि ट्रम्प की धमकी के अगले ही दिन, इस पुरानी सभ्यता ने अमेरिका को ''नाज़ुक'' संघर्षविराम के लिए मजबूर कर दिया, जो उन उद्देश्यों की पूर्ति नहीं करता, जिन्हें जानने के लिए बिना सोचे-समझे अचानक युद्ध शुरू किया गया था। अब डॉनल्ड ट्रम्प को शायद ''डॉनल्ड डिफीटेड'' कहा जा सकता है।

स्पष्ट है कि कूटनीति अमेरिका की ताकत नहीं रही, और ईरान के मामले में भी ऐसा ही हुआ। एक बार फिर, डॉनल्ड ट्रम्प ने टीएसीओ (टाको) अर्थात ''ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट'' के रूप में अपनी छवि को यथावत बनाए रखा, जैसा कि अधिकांश अमेरिकी प्रेस अब संकेत दे रहा है। सबसे बुरी बात यह है कि ट्रम्प ने खुद को सबसे अधिक नुकसान पहुँचाया।

कल की घोषणा के बाद, कुछ उच्च पदस्थ अमेरिकी नेताओं ने संविधान के 25वें संशोधन को लागू करने की अपील की, ताकि उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति को मानसिक रूप से अस्थिर घोषित कर उन्हें पद से हटाएं। इससे पहले सार्वजनिक रूप से इस तरह की चर्चा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोजतबा क़ोम में है, इलाज करवा रहा है

## टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा गंभीर रूप से घायल है और क़ोम शहर में इलाज करवा रहा है

- संघर्ष विराम की खबरों के बीच मोजतबा के स्वास्थ्य व खैर खबर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है।
- तेहरान का समीपवर्ती शहर क़ोम धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है, यही पर अयातुल्ला खामनेई और उनके परिवार को दफनाने की तैयारी किए जाने की खबरें मिली रही हैं।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रैल। गल्फ में चल रहे युद्ध में दो हफ्तों के संघर्षविराम के बीच, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामनेई के स्वास्थ्य और खोज खबर को लेकर सवाल फिर से उठ रहे हैं।

द टाइम्स द्वारा उद्धृत एक कूटनीतिक रिपोर्ट के अनुसार, 56 वर्षीय धार्मिक नेता वर्तमान में पवित्र शहर क़ोम में गंभीर स्थिति में चिकित्सा देखरेख में हैं। क़ोम तेहरान से लगभग 140 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि मोजतबा को अमेरिका और इज़रायल के बमबारी हमलों में गंभीर चोटें आई थीं, उसी हमले में उनके पिता अली खामनेई की मौत हुई थी। तब रिपोर्टों में यह भी कहा गया था कि उन्हें रूस के किसी अनजान स्थान पर चिकित्सा उपचार के लिए एयरलिफ्ट किया गया था। उस समय विरोधाभासी रिपोर्टें सामने आई थीं कि वे गंभीर रूप से घायल हैं, संभवतः कोमा में भी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने भी इस बारे में संकेत दिया था।

द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा क़ोम शहर में हैं, जो शिया इस्लाम के लिए गहरा राजनीतिक और धार्मिक महत्व रखता है। कहा जाता है कि क़ोम में वरिष्ठ खामनेई के दफन के लिए तैयारियाँ चल रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, वहां सभी परिवार के सदस्यों के लिए कई कब्रों वाला एक बड़ा मकबरा बनाने की योजना है।

देश के सर्वोच्च नेता के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद मोजतबा ने सार्वजनिक रूप से कोई उपस्थिति नहीं दिखाई है, हालांकि ईरानी राज्य मीडिया ने उनके नाम से बयान प्रसारित किए हैं। लेकिन नेता का कोई सत्यापित ऑडियो या वीडियो जारी नहीं किया गया है। तेहरान ने स्वीकार किया है कि उन्हें उन हवाई हमलों में चोट लगी थी, जिनमें उनके परिवार के कई सदस्य, जिनमें उनकी पत्नी और बेटा भी शामिल थे,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर मैट्रो फेज-2 को केन्द्र सरकार की मंजूरी मिली

जयपुर, 8 अप्रेल। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 13 हजार 37 करोड़ रु. के जयपुर मेट्रो फेज-2 को मंजूरी दे दी। केन्द्र ने पचपदरा रिफायनरी की संशोधित लागत को भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इन दो महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जायेगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया से विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया तक औद्योगिक व आवासीय क्षेत्रों को जोड़ेगा।

- मुख्यमंत्री ने मैट्रो व पचपदरा रिफायनरी की संशोधित लागत की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

पचपदरा रिफाइनरी के लिये 79 हजार 459 करोड़ रुपए की संशोधित लागत को मंजूरी दी गई है। यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेहरान की जनता को लगता है सीज़फायर ज्यादा दिन नहीं चल पाएगा

## सीज़फायर को लेकर खुशी भी है, पर, आंशकाएं भी बहुत हैं

- असल में ईरान की जनता को नेताओं के आश्वासनों पर लेशमात्र भी भरोसा नहीं है। हालांकि वे दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद घर लौट रहे हैं। पर, मन में भय है कि फिर से सामान बाँधकर जाना पड़ सकता है।
- अगर यह कहा जाए कि लोग फिर से युद्ध शुरु होने का इतंजार कर रहे हैं, और इसी से उनके रोजमर्रा के निर्णय प्रभावित हो रहे हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। लेकिन नागरिकों में स्पष्ट रूप से यह धारणा जोर पकड़ रही है कि कूटनीति से ही दीर्घकालिक समाधान मिल सकता है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। संघर्षविराम के बाद तेहरान में जनता की भावना में राहत, संदेह और गहरी चिंता का मिलाजुला नाज़ुक मेल दिखाई देता है। यह मूड न केवल युद्ध की थकान से उपजा है बल्कि राजनीतिक आश्वासनों पर अविश्वास से भी प्रभावित है।

विशेष रूप से जो लोग विस्थापन या अन्य व्यवधान के बाद घर लौट रहे हैं, वे इस संघर्ष विराम के प्रति आशावादी तो हैं साथ ही बेहद सतर्क भी हैं। कई लोगों के लिए तुरंत महसूस होने वाली राहत स्पष्ट है जैसे बाज़ार खुल रहे हैं, यातायात लौट रहा है, और सामान्य जीवन की झलक फिर से उभर रही है। तेहरान के एक निवासी ने अनिश्चितता के दिनों के बाद घर लौटने के अनुभव को ''स्वर्ग के समान'' बताया, जो सामान्य जीवन की बहाली के भावनात्मक महत्व को दर्शाता है।

फिर भी, इस आशावाद के साथ लोगों को यह भी यकीन है कि संघर्षविराम अस्थायी हो सकता है। तेहरान के एक युवा छात्र ने इस चिंता को सीधे शब्दों में कहाः ''मुझे नहीं पता कि संघर्षविराम टिकेगा या नहीं... मैं फिर से अपने सामान पैक करके घर छोड़ना नहीं चाहता।''

इसी तरह, रोजमर्रा की जिंदगी, बाज़ार और मोहल्ले की गलियों, की आवाज़ें भी पूर्व अनुभवों पर आधारित संदेह को दर्शाती हैं। राजधानी के एक बुज़ुर्ग दुकानदार ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह टिकाऊ है... हम संघर्षविराम चाहते हैं, लेकिन वे अपने वादे नहीं निभाते।''

यह अविश्वास तब और मजबूत होता है, जब कथित उल्लंघनों और तनाव जारी रहने की रिपोर्ट सामने आती है, जिससे कुछ निवासी इसे शांति के बजाय केवल एक विराम मानते हैं। एक स्थानीय भावना में कहा गयाः ''यह शांति नहीं है, यह सिर्फ एक विराम है'', जो यह दर्शाता है कि संघर्ष किसी भी समय फिर से शुरू हो सकता है।

संदेह के अलावा, अंदर ही अंदर भय और थकावट की मजबूत लहर भी है। ईरान के कई लोग तबाही और आर्थिक कठिनाइयों के पैमाने से मानसिक रूप से भयभीत हैं। साक्षात्कार बताते हैं कि यहां तक कि जो लोग शासन की आलोचना करते हैं, वे आगे की अस्थिरता से सावधान हैं। एक निवासी ने कहा कि लोग मूलतः ''युद्ध के फिर से शुरू होने का इंतजार'' कर रहे हैं, और यही बात उनके दैनिक निर्णयों और व्यवहार को प्रभावित करती है।

साथ ही, नागरिकों में यह स्पष्ट मान्यता है कि कूटनीति ही दीर्घकालिक समाधान का एकमात्र व्यवहार्य रास्ता है, जबकि सार्वजनिक अभिव्यक्तियाँ अक्सर राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण सतर्क रहती हैं। मीडिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाक के आग्रह पर हुआ संधि विराम

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। ईरान के साथ युद्ध को दो हफ्तों के लिए रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका और ईरान दोनों ने उस संघर्ष को रोकने और संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के लिए आम सहमति जताई है, जिसने विश्व को गंभीर रुप से प्रभावित किया है।

- ट्रंप और ईरान के विदेश मंत्री अराघची दोनों ने ही सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा, उन्होंने बातचीत करने के पाकिस्तान के प्र.मंत्री शाहबाज शरीफ व जनरल आसिम मूनीर का आग्रह स्वीकार कर लिया है।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने संघर्षविराम को स्वीकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दो हाथियों की लडाई में पिस रहे बच्चे और अभिभावक'

## श्याम नगर में ट्री हाऊस हाई स्कूल ने फीस वसूलकर रातोंरात बंद किया स्कूल

- स्कूल बंद करने की जानकारी ना तो अभिभावकों को दी गई और ना ही शिक्षा विभाग व सी.बी.एस.ई. को।
- स्कूल संचालक राजेश भाटिया पर बिल्डिंग मालिक विनय चौरडिया का 4.21 करोड़ रुपए किराया बाकी था।

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 8 अप्रेल। राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में ''ट्री हाउस हाई स्कूल'' के संचालकों ने बीच सत्र में फीस वसूली और अभिभावकों व बच्चों को जानकारी दिए बिना स्कूल बंद कर दिया। दरअसल विद्या भारती समिति द्वारा जिस बिल्डिंग में स्कूल संचालित किया जा रहा है, वह बिल्डिंग अरिहंत एंटरप्राइजेज़ के मालिक विनय चौरडिया से 10.67 लाख रु. प्रतिमाह किराये पर ली गई थी। इसकी लीज़ वर्ष 2031 तक थी, परंतु पिछले 4 वर्षों से स्कूल संचालक राजेश भाटिया किराया नहीं चुका पा रहा था, ऐसे में दोनों पक्षों के बीच बकाया 4.21 करोड़ रुपए को लेकर भारी विवाद हो गया। इन दो हाथियों की लडाई में अब स्कूली बच्चे और अभिभावक पिस रहे हैं। इस संबंध में अभिभावकों ने श्याम नगर थाने में स्कूल संचालकों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के लिए शिकायत भी दी है।

इसी बीच 1 अप्रैल से शुरू हो चुके शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए करीब 180 विद्यार्थियों से फीस वसूलने के बाद, अब ''ट्री हाउस हाई स्कूल'' के संचालक गुपचुप ही स्कूल बंद करने का फैसला लेकर फरार हो गए, लेकिन उन्होंने ना तो किसी अभिभावक, ना शिक्षा विभाग और ना ही सी.बी.एस.ई. को कोई जानकारी दी। यहां तक कि पिछले 2 दिनों से अभिभावकों से भी तरह-तरह के बहाने बनाकर स्कूल संचालन नहीं होने की टालमटोली की जा रही थी। बुधवार को अचानक स्कूल बंद किए जाने की सूचना पर जब 50-60 अभिभावक स्कूल पहुंचे तो उन्हें प्रिंसिपल द्वारा गुरूवार से नियमित कक्षाएं संचालित करने की बात कहकर टाल दिया गया। इस पर अभिभावकों ने इसकी लिखित में गारंटी देने की मांग रखी, जिस पर स्कूल प्रबंधन बैकफुट आ गया।

इसी बीच कुछ अभिभावकों से स्कूल बिल्डिंग के मालिक विनय चौरडिया ने बुधवार शाम साढ़े 5 बजे बात की और कह दिया कि, ''ट्री हाउस हाई स्कूल'' के संचालक बकाया 4.21 करोड़ रुपए किराया नहीं चुका पा रहे थे, ऐसे में उन्होंने हमें बिल्डिंग व जमीन का कब्जा सौंप दिया है। किसी भी विद्यार्थी और अभिभावक की फीस की



'ट्री हाउस स्कूल' परिसर में अभिभावकों ने प्रदर्शन किया।

जिम्मेदारी उनकी नहीं है। उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि अभिभावक अपने बच्चों को किसी अन्य स्कूल में दाखिला करवा सकते हैं, क्योंकि यहां कोई स्कूल संचालित नहीं होने वाला और इसकी कोई व्यवस्था हम नहीं कर सकते।

दरअसल मंगलवार को ''ट्री हाउस हाई स्कूल'' की ओर से अभिभावकों के फोन पर मैसेज पहुंचा कि स्कूल परिसर में पेयजल की समस्या है, इसलिए आज क्लासें नहीं होंगी। इसके बाद मंगलवार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सीज़फायर के बाद तेल के दाम गिरे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। बुधवार को ब्रेंट क्रूड तेजी से 95.068 डॉलर प्रति बैरल (पहले 109.77 डॉलर) तक गिर गया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड

- तेल के दाम 109.77 डॉलर प्रति बैरल से घट कर 95.008 डॉलर बैरल पहुँच गए।

ट्रम्प ने ईरान पर हमलों में दो हफ्तों का विराम घोषित किया। इसी के साथ, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी लगभग 20 डॉलर प्रति बैरल गिर गया।

बाजारों ने इस पर मिनटों में प्रतिक्रिया दी - तेल की कीमतें गिरीं, बॉन्ड बढ़े, और अमेरिकी शेयरों में उछाल आया। निवेशक इसे इस बात का संकेत मान रहे हैं कि हफ्तों के व्यवधान के बाद तेल की आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल हो सकती है।

## विचार बिन्दु

उत्साह से बढ़कर कोई दूसरा बल नहीं है, उत्साही मनुष्य के लिए संसार में कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है। –वाल्मीकि

# अपना घर साफ होगा तो नगर साफ होगा .... एक क्रांतिकारी कदम

जयपुर, गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्ध यह शहर अपनी ऐतिहासिक धरोहर, भव्य महलों और जीवंत संस्कृति के लिए जाना जाता है। लेकिन वर्षों से यहां की सबसे बड़ी समस्या रही है – सफाई व्यवस्था की कमी। गलियों में फैला कचरा, सड़कों पर जमा गंदगी और ड्रेनेज सिस्टम की लापरवाही ने शहर की सुंदरता को धूमिल कर दिया है। ऐसे में नव नियुक्त नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने अपनी पहली ही बैठक में एक क्रांतिकारी बयान देकर सबका ध्यान आकर्षित कर लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पहले अपना घर यानी निगम मुख्यालय की सफाई पर ध्यान देना जरूरी है, उसके बाद ही पूरे जयपुर की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकेगा। यह बयान न केवल व्यावहारिक है, बल्कि एक नई मुहिम का आगाज भी करता है। आयुक्त का यह दृढ़ संकल्प कि नगर को साफ रखने की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन पहले घर तो साफ हो, शहरवासियों में आशा की किरण जगा रहा है। सप्ताह भर के अंदर स्थिति सुधार न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी ने नौकरशाही में हड़कंप मचा दिया है। प्रश्न वाजिब है – इन जिम्मेदार अफसरों का इसके अलावा और क्या काम है? यह पहल इंदौर की तर्ज पर जयपुर को सफाई में शीर्ष शहर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो शहर को ग्रीन सिटी के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

जयपुर की सफाई व्यवस्था की वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक है। शहर की आबादी करीब 40 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि कचरा उत्पादन प्रतिदिन 1500 टन के आसपास पहुंच गया है। नगर निगम के कुछ सीमित मात्रा में सफाई कर्मचारी हैं, जो इस बोझ को संभालने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रहे हैं। मुख्य सड़कों पर तो सफाई का दिखावा होता है, लेकिन आंतरिक गलियां, बस्तियां और बाजार क्षेत्र कचरे के ढेरों से पटे पड़े हैं। आमेर रोड, अजमेर रोड और टोंक रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर भी प्लास्टिक कचरा और निर्माण मलबा बिखरा रहता है। ड्रेनेज सिस्टम की हालत और खराब है। मानसून में जलभराव आम बात हो जाती है, क्योंकि नालियां मलबे से भरी रहती हैं। सिविल लाइंस, मालवीय नगर और वैशाली नगर जैसे पॉश इलाकों में भी गंदगी की शिकायतें आम हैं। पिछले वर्ष स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में जयपुर 118वें स्थान पर खिसक गया था, जो पहले की तुलना में गिरावट दर्शाता है। कारण स्पष्ट हैं – कचरा संग्रहण की अपर्याप्त व्यवस्था, सेग्रीगेशन की कमी और डंपिंग ग्राउंड की समस्या। केवल 20 प्रतिशत कचरा ही सही ढंग से अलग किया जाता है, बाकी खुले में जलाया या फेंका जाता है। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि स्वास्थ्य समस्याएं जैसे डेंगू, मलेरिया और चर्म रोग बढ़ जाते हैं। अस्पतालों में प्रतिदिन दर्जनों मरीज कचरे से जुड़ी बीमारियों के आते हैं। व्यापारिक क्षेत्रों में, जैसे जोहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार और सुभाष चौक पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर कचरा फेंकना आम प्रथा है। फुटपाथों पर ठेलों और रेहड़ियों से निकला मलबा पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन जाता है। आवासीय कॉलोनियों में, जैसे मानसरवर और सी–स्कीम, सोसाइटी वाले अपनी जिम्मेदारी न निभाते हुए निगम पर दोषारोपण करते हैं। वास्तव में, सफाई एक सामूहिक जिम्मेदारी है, लेकिन निगम की लापरवाही मुख्य समस्या बनी हुई है। आयुक्त कसेरा का बयान इसी कमी को दूर करने का प्रयास है। उन्होंने मुख्यालय की सफाई से शुरुआत कर अधिकारियों को संदेश दिया है कि ऊपर से नीचे तक बदलाव आना जरूरी है।

इंदौर की सफाई व्यवस्था जयपुर के लिए एक आदर्श उदाहरण है। मध्य प्रदेश का यह शहर लगातार छह वर्षों से स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। इंदौर में प्रतिदिन 1500 टन से अधिक कचरा उत्पन्न होता है, लेकिन 100 प्रतिशत संठाहण सुनिश्चित होता है। यहां की सफलता का राज है – कचरा सेग्रीगेशन, जनभागीदारी और सख्त निगरानी। इंदौर नगर निगम ने हर घर में दो बिन सिस्टम लागू किया है। एक सूखे कचरे के लिए और दूसरा गीले के लिए। दुकानों और बाजारों में भी यही नियम है। कचरा संठाहण के लिए जीपीएस ट्रैकर वाली गाड़ियां चलाई जाती हैं, जो ऐप के माध्यम से ट्रैक होती हैं। यदि कोई गाड़ी देरी से पहुंचे, तो तुरंत शिकायत दर्ज हो जाती है। डंपिंग ग्राउंड को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में बदल दिया गया है, जहां कचरा से बिजली उत्पन्न होती है। इंदौर में सफाई कर्मचारियों को इंसेंटिव दिया जाता है और उनकी संख्या पर्याप्त है। बाजार समितियों ने स्वच्छता अभियान को अपनाया है, जहां दुकानदार स्वयं सफाई करते हैं। शहर में 5000 से अधिक स्वच्छता मित्र तैनात हैं, जो जनता को जागरूक करते हैं। परिणामस्वरूप, इंदौर की सड़कें चकाचौंध साफ रहती हैं। जयपुर इस मॉडल को अपना सकता है। उदाहरण के तौर पर, जयपुर के बाजारों में इंदौर जैसी बिन सिस्टम लगाई जाए, तो व्यापारी वर्ग सहयोग करेगा। आयुक्त कसेरा की यह पहल जयपुर शहर की काया बदल सकती है तथा कुछ त्वरित निर्णय जयपुर में सफाई क्रांति ला सकते है। इंदौर ने साबित किया है कि सख्ती और जनसहयोग से कोई भी शहर स्वच्छ बन सकता है। जयपुर की आबादी और कचरा मात्रा इंदौर जितनी ही है, अत: यह मॉडल यहां फिट बैठेगा।

**इंदौर की सफाई व्यवस्था जयपुर के लिए एक आदर्श उदाहरण है, मध्य प्रदेश का यह शहर लगातार छह वर्षों से स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है**

आयुक्त ओम कसेरा की यह पहल शहर के व्यापारी वर्ग को भी उत्साहित कर रही है। जोहरी बाजार, बापू बाजार और चौड़ा रस्ता जैसे व्यस्त बाजारों के व्यापारी संगठन स्वच्छता मुहिम में शामिल होने को तैयार हैं। वे कहते हैं कि साफ बाजार से व्यापार बढ़ेगा। जरूरत है आम आदमी की स्वच्छ सोच को मजबूत करने की। स्कूलों में बच्चों को सेग्रीगेशन सिखाया जाए, कॉलोनियों में आरडब्ल्यूए को जिम्मेदारी सौंपी जाए। नगर निगम को ऐप लॉन्च करना चाहिए, जहां शिकायत दर्ज कर फोटो अपलोड की जा सके। जीपीएस वाली सफाई वाहन और सीसीटीवी निगरानी से पारदर्शिता आएगी। ग्रीन सिटी के सपने को साकार करने के लिए प्लास्टिक प्रतिबंध, वृक्षारोपण और साइकिल ट्रैक आवश्यक हैं। आयुक्त के औचक निरीक्षण से अफसरों में भय पैदा होगा। स्वच्छता आदत बने, मजबूरी न रहे। यदि सप्ताह भर में मुख्यालय साफ हो गया, तो पूरे शहर में लहर दौड़ेगी। जिम्मेदार अफसरों को अब बहाने नहीं बनाने होंगे। जयपुर को इंदौर बनाने की यह मुहिम सफल होगी, यदि सभी पक्ष सहयोग करें। सरकार को बजट बढ़ाना होगा – कम से कम 200 करोड़ रुपये वार्षिक। निजी कंपनियों से सीएसआर फंड लिए जाएं। स्वयंसेवी संगठनों को जोड़ा जाए। दीपावली, होली जैसे त्योहारों पर विशेष सफाई अभियान चलें। पार्कों और तालाबों को साफ कर पर्यटन बढ़ेगा। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बीमारियों पर अंकुश लगे। अंतत:, स्वच्छ जयपुर ही ग्रीन सिटी बनेगा, जहां पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। आयुक्त कसेरा का संकल्प शहरवासियों के लिए प्रेरणा है। आइए, हम सब मिलकर इस क्रांति का हिस्सा बनें। स्वच्छता ही सेवा है।

**अविनाश जोशी**
**अतिथि संपादक**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

## राशिफल गुरूवार 9 अप्रैल, 2026



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, गुरुवार, विक्रम सम्वत 2083, मूल नक्षत्र प्रात: 8.48 तक, परिद्य योग सायं 5.58 तक, विष्टिकरण प्रात: 8.11 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति** – सूर्य–मीन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मीन, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–मेष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में संचार करेगा।


आज रवियोग प्रात: 8.48 तक है। आज भद्रा प्रात: 8.11 तक है।

**श्रेष्ठ चौघडिया** – शुभ–सूर्योदय से 7.47 तक, चट 10.55 से 12.28 तक, लाभ–अमृत 12.28 से 3.36 तक, शुभ 5.10 से सूर्यास्त तक


**राहुकाल** – 1.30 से 3.00 तक सूर्योदय 6.13 सूर्यास्त 6.44



### मेष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



### सिंह
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।



### धनु
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बडेगा। आवश्यक ओर महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



### वृष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज मित्रों–रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।



### कन्या
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बडेगी। अथितियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबन्ध प्राप्त होंगे।




### मकर
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भाग–दौड रहेगी। अर्नगल कार्यों में समय खराब रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा।



### मिथुन
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### तुला
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होंगे।



### कुंभ
आर्थिक–वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।



### कर्क
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



### वृश्चिक
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं।

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

## आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।

यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग–अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ–साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख–समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं–बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अठाणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं–बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार–बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है।

संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री।**

# राजस्थान की स्कूली शिक्षा : जर्जर दीवारों और एकल शिक्षकों के बीच सिसकता भविष्य



अशोक कुमार

राजस्थान की वीर प्रसूता धरा जहाँ अपनी ऐतिहासिक विरासत और शौर्य गाथाओं के लिए विश्वविख्यात है, वहीं आज यह प्रदेश अपनी शिक्षा व्यवस्था के एक अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। शिक्षा किसी भी राष्ट्र या राज्य की प्रगति का आधार स्तंभ होती है, लेकिन जब इस आधार स्तंभ की नींव ही जर्जर होने लगे और ज्ञान के मंदिर एकल शिक्षकों के सहारे सांसें ले रहे हों, तो भविष्य की तस्वीर धुंधली दिखाई देने लगती है। राजस्थान में सरकारी स्कूलों की विशाल संख्या और पहुँच के बावजूद, धरातल पर मौजूद विसंगतियाँ एक गंभीर आत्मचिंतन की मांग करती हैं।

आंकड़ों के लिहाज़ से देखें तो राजस्थान में सरकारी स्कूलों का एक व्यापक नेटवर्क है। लगभग 65,000 से अधिक सरकारी विद्यालयों के माध्यम से राज्य सरकार सुदूर ढाणियों और मरुस्थलीय इलाकों तक शिक्षा पहुँचाने का दावा करती है। हाल के वर्षों में महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम स्कूलों की लोकप्रियता ने मध्यम और निम्न–मध्यम वर्ग के परिवारों को फिर से सरकारी तंत्र की ओर आकर्षित किया है। लेकिन यहाँ एक बड़ा विरोधाभास खड़ा होता है। एक ओर सरकार कुछ चुनिंदा स्कूलों को स्मार्ट और आदर्श बनाने पर करोड़ों खर्च कर रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों के हज़ारों प्राथमिक विद्यालय उपेक्षा का शिकार हैं। क्या शिक्षा का लोकतंत्रीकरण केवल स्कूलों की संख्या बढ़ाने से संभव है, या इसके लिए प्रत्येक स्कूल में समान गुणवत्ता का होना अनिवार्य है?

राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था का सबसे स्याह पहलू एकल–शिक्षक विद्यालय हैं। यह सुनने में ही विचलित करने वाला लगता है कि आधुनिक युग में, जहाँ हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बातें कर रहे हैं, वहाँ एक ही शिक्षक पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के भविष्य का भाग्यविधाता बना बैठा है। एक अकेले शिक्षक पर न केवल पाँच अलग–अलग स्तरों के छात्रों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है, बल्कि उसे मिड–डे मील का हिसाब रखना, डाक तैयार करना, जनगणना और चुनावों जैसे गैर–शैक्षिणक कार्यों को भी संभालना पड़ता है। जब शिक्षक प्रशासनिक उलझनों में फंसा होता है, तो कक्षा में छात्र केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यहाँ सीखने की प्रक्रिया गौण हो जाती है।

छात्रों का पलायन: यही वह प्रमुख कारण है जिसकी वजह से ग्रामीण अभिभावक अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों की फीस में झोंक देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि एक शिक्षक वाले स्कूल में उनके बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। स्कूल की इमारत वह सुरक्षित स्थान होनी चाहिए जहाँ बच्चा निर्भय होकर सपने देख सके। लेकिन राजस्थान के कई जिलों से आने वाली खबरें कलेजा कंपा देने वाली होती हैं। जर्जर छतों का गिरना, दीवारों में दरारें और बारिश के मौसम में टपकती छतें–यह आज कई सरकारी स्कूलों की पहचान बन चुकी है।

एक अनुमान के मुताबिक, प्रदेश में हज़ारों की संख्या में ऐसी कक्षाएं हैं जिन्हें असुरक्षित घोषित किया जा चुका है, फिर भी संसाधनों के अभाव में बच्चे वहीं बैठने को मजबूर हैं।

भवनों की जर्जर स्थिति का सबसे बुरा असर बालिकाओं पर पड़ता है। टूटे हुए शौचालय और पानी की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों का ड्रॉप–आउट रेट (स्कूल छोड़ने की दर) आज भी चिंताजनक है। भवनों की मरम्मत के लिए आने वाला बजट अक्सर लालफीताशाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। जब तक बजट स्वीकृत होता है और काम शुरू होता है, तब तक इमारत की स्थिति और बदतर हो चुकी होती है। राजस्थान में समस्या केवल शिक्षकों की कमी नहीं, बल्कि उनके असमान वितरण की भी है। यह एक कड़वा सच है कि राजनीतिक रसूख और रसूखदार सिफारिशों के चलते शहरों के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या स्वीकृत पदों से भी अधिक हो जाती है, जबकि दूर–दराज के गांवों (जैसे बाड़मेर, जैसलमेर या बांसवाड़ा) के स्कूल जीरो टीचर या सिंगल टीचर की श्रेणी में आ जाते हैं। शिक्षक संगठनों और सरकार के बीच होने वाले तबादला उद्योग ने ग्रामीण शिक्षा की कमर तोड़ दी है। जब तक शिक्षकों की नियुक्ति और पदस्थापन की एक पारदर्शी और सख्त नीति नहीं बनेगी, तब तक ग्रामीण राजस्थान के बच्चे पिछड़ते रहेंगे। इस संकट से उबरने के लिए केवल नारों और लोक–लुभावन घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। इसके लिए एक सर्जिकल स्ट्राइक जैसी इच्छाशक्ति की आवश्यकता है।

कम छात्र संख्या वाले छोटे स्कूलों को पास के बड़े स्कूलों में मर्ज किया जाए और छात्रों के लिए सुरक्षित परिवहन की सुविधा दी जाए। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा और एक स्कूल में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। प्रत्येक जिले में स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा स्कूलों का ढांचागत ऑडिट होना चाहिए। जो भवन असुरक्षित हैं, उन्हें तुरंत ध्वस्त कर नए कमरों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर हो। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देना प्रत्येक शिक्षक के लिए अनिवार्य हो। जो शिक्षक दुर्गम क्षेत्रों में पढ़ा रहे हैं, उन्हें विशेष भत्ते और पदोन्नित में वरीयता दी जानी चाहिए। जहाँ शिक्षक उपलब्ध नहीं हो पा रहे, वहाँ स्मार्ट टीवी और रिकॉर्डेड लेक्चर्स के माध्यम से पढ़ाई को निरंतर रखा जा सकता है, लेकिन यह केवल एक अस्थायी विकल्प होना चाहिए।

राजस्थान के सरकारी स्कूल केवल ईंट–पत्थर की इमारतें नहीं हैं, वे प्रदेश के लाखों निर्धन और वंचित बच्चों के सपनों का आखिरी सहारा हैं। यदि हम उन्हें एक सुरक्षित छत और एक समर्पित शिक्षक नहीं दे सकते, तो हम एक शिक्षित राजस्थान का दावा करने का नैतिक अधिकार खो देते हैं।

जर्जर होती दीवारें और अकेले जूझते शिक्षक असल में हमारी व्यवस्था की विफलता के स्मारक हैं। सरकार को लोकप्रियता से ऊपर उठकर गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। समाज के प्रबुद्ध वर्ग, भामाशाहों और नीति–निर्माताओं को एक साथ आना होगा ताकि राजस्थान का बचपन जर्जर छतों के खौफ से मुक्त होकर ज्ञान के खुले आकाश में उड़ान भर सके।

अंतत:, याद रखिये– किसी भी प्रदेश की तरक्की का रास्ता उसकी स्कूल की दहलीज से होकर गुजरता है। अगर वह दहलीज ही डगमगा रही है, तो मंजिल तक पहुँचना नामुमकिन है।

**प्रोफेसर अशोक कुमार**
**पूर्व कुलपति कानपुर ,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# डेढ़ किलोमीटर लम्बी सड़क और सीवेज लाइन के निर्माण को तरसे लोग

- **सड़क निर्माण स्वीकृत होने के बावजूद कार्य आरम्भ नहीं किया जा रहा और केवल रोडी डाली जा रही है**
- **सड़क और सीवेज के लिये वैशाली नगर ईस्ट में रंगोली ग्रीन्स, रंगोली गार्डन, केडिया कॉलोनी के हजारों बाशिंदे पिछले तीन साल से परेशान हैं**

**जयपुर।** बिड़ला सभागार में 29 मार्च को नवनियुक्त आरएएस व अन्य अधिकारियों को सुशासन का मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वक्ताओं ने कहा था कि मेहनत, प्रतिभा और अनुशासन के बल पर यहां तक पहुंच तो गए, लेकिन आगे का मार्ग अपने को पब्लिक का सर्वेंट मानकर मानवीय दृष्टिकोण और आपसी समन्वय से जन समस्या समाधान करने में ही निहित है। जेडीए, नगर निगम और पीएचईडी के कुछ अधिकारियों ने इस सबक को आत्मसात करने के बजाय पल्ला झाड़कर राजधानी में जयपुर को किसी भी हालत में वर्ल्ड क्लास स्मार्ट सिटी न बनने देने की शपथ ले रखी है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री व स्थानीय विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के निर्देश के बावजूद वैशाली नगर ईस्ट में केवल डेढ़ किमी लम्बी सड़क और सीवेज लाइन के निर्माण के लिए रंगोली ग्रीन्स, रंगोली गार्डन, केडिया कॉलोनी के हजारों बाशिंदे पिछले तीन साल से दिन–रात एक किए हुए हैं। राज्यवर्धन राठौड़ के निर्देशों के बावजूद अभी 400 मीटर दूरी में ही सीवेज लाइन डाली गई है। पीएम गति शक्ति की स्पष्ट गाइडलाइन है कि सीवेज, पेयजल लाइन आदि डालने के साथ ही सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य भी होना चाहिए। यहां सड़क निर्माण स्वीकृत होने के बावजूद कार्य आरम्भ नहीं किया जा रहा और केवल रोडी डाली जा रही है।

यहां के नागरिकों के सवाल करने पर जेडीए अधिशासी अभियंता कैलाश बैरवा ने बताया कि सीवेज लाइन का कार्य पीएचईडी के अधिकार क्षेत्र में है जबकि पीएचईडी के अधिशासी अभियंता नीरज पिपलोदा ने 20 दिन पहले बताया था कि कुछ ही दिनों में सीवेज लाइन डाल दी जाएगी।

इस कार्य में देरी का कारण कुछ लोग यह बताते हैं कि सीवेज और सड़क निर्माण एक साथ हो गया तो हर मानसून के बाद मरम्मत के नाम पर मिलने वाला बजट इस बार नहीं मिल पाएगा। मरम्मत में निर्माण से ज्यादा सम्भावनाएं हैं। परिणामस्वरूप एक चक्र बन गया है, बारिश और खराब गुणवत्ता के चलते सड़क टूटना, इसकी आंशिक मरम्मत, किसी लाइन डालने के लिए दूसरी एजेंसी द्वारा खुदाई, अस्थाई पैचवर्क और फिर से खराब स्थिति। अवैध अतिक्रमण, मैरिज गार्डन्स के आगे अवैध पार्किंग, ओवरलोड वाहनों के कारण स्थानीय नागरिकों का जीवन पहले ही नरक के समान हो गया है। अब इस सीवेज–सड़क ड्रामा के कारण इन्हें आए दिन स्थानीय विधायक, नगर निगम, जेडीए और पीएचईडी के एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

मीना सिन्हा का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से महाराणा प्रताप मार्ग पर लगभग 1.5 किलोमीटर लंबा टुकड़ा, जो रंगोली ग्रीन्स सोसाइटी और आसपास के कई आवासीय क्षेत्रों को जोड़ता है, लगातार खराब स्थिति में बना हुआ है। जो एक सामान्य सड़क निर्माण और रखरखाव का मामला होना चाहिए था, वह अब प्रशासनिक अक्षमता, समन्वय की कमी और प्रमुख नागरिक एजेंसियों द्वारा खराब क्रियान्वयन का उदाहरण बन गया है।

## सार-समाचार

### घनश्याम विपिन मेठी का हुआ सम्मान

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** म्यूचल फण्ड एवं डीमेट अकांउट में सम्पूर्ण राजस्थान में प्रथम आने पर सुरेश राठी एण्ड ग्रुप के द्वारा जोधपुर के मरूगढ़ रिर्सोट में उपखण्ड निवासी व शहर के जाने माने शेयर ब्रोकर एवं म्यूचल फण्ड हैड घनश्याम मेठी एवं विपिन मेठी का अवार्ड दे कर सम्मान किया गया। ग्रुप चैयरमेन सुरेश राठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गंगापुर सिटी शहर में म्यूचल फण्ड एवं शेयर ब्रोकर में सम्पूर्ण राजस्थान में वेस्ट कार्य करना कीर्तिमान है। जिस प्रकार से घनश्याम मेठी एवं विपिन मेठी ने गंगापुर सहित आसपास के क्षेत्र में लोगें में शेयर मार्केट एवं म्यूचल फण्ड में जो क्रांति लाए उसके लिए दोनों बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के दौरान घनश्याम मेठी व विपिन मेठी को अतिथियों ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान किया। इस दौरान वक्ताओं ने एसआईपी को सबसे सुरक्षित निवेश बताते हुए कहा कि एसआईपी के जरिए एक छोटे से छोटा काम करने वाला भी अपनी दैनिक मजदूरी में कुछ रूपए बचा कर निवेश कर सकता है जो उसके आने वाले भविष्य के लिए बहुत फायदेमंद रहती है। वहीं विपिन मेठी ने कार्यक्रम के दौरान सबसे महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि अब माइनर में (छोटे बच्चे) के डीमेट अकाउंट खुलवाकर म्यूचल फण्ड में एसआईपी में भी निवेश कर अपने बच्चों को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। इस दौरान बॉम्बे स्टॉक एक्सेंज से आशीष आनन्द, सीडीएसएल से यशवंत गुप्ता, ललित मूंदडा, सौरभ राठी आदि सहित कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निसं )।** पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत जागृति सप्ताह 6 से 11 अप्रैल के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बुधवार को संत कृपाल सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय में बालिकाओं की सुरक्षा, विधिक जागरुकता एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार द्वारा बाल-विवाह एवं उसके दुष्परिणाम पर जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि पुष्पा तौमर मथुरा गेट थाना के द्वारा समाज में बढ़ते साईबर अपराधों के संबंध में डिजिटल सुरक्षा पर चर्चा की गई। वन स्टॅाप सेंटर की केस वर्कर खुशबू शर्मा ने वन स्टॉप सेंटर व महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में जानकारी प्रदान की। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की कानून विशेषज्ञ मनीषा कुमारी ने बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानूनों की जानकारी प्रदान की इसी के साथ आपातकालीन हैल्पलाईन नम्बर - 1098, 112, 1090 एवं महिला हैल्पलाईन नम्बर - 181 के बारे में बताया। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द की केन्द्र प्रबंधक नीरज कुंतल ने बाल-विवाह रोकथाम हेतु आमजन को हैल्पलाइन नम्बर - 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि जहाँ भी बाल-विवाह सम्बंधी जानकारी प्राप्त होगी वहाँ तुरंत इस नम्बर पर शिकायत दर्ज कराई जावे जिससे संमबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर बाल-विवाह को रूकवा सकें। कार्यक्रम का संचालन कुमारी शीशासिंह के द्वारा किया गया।

### महावीर मेला में ख्याल दंगल का आयोजन

**रुदावल, भरतपुर ( निसं )।** कस्बे में चल रहे महावीर मेला में ग्राम पंचायत द्वारा हेला ख्याल दंगल का आयोजन किया गया। ख्याल दंगल के गायकों ने धार्मिक ग्रन्थों एवं सनातन संस्कृति पर प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं में समां बाँध दिया। ख्याल दंगल सुनने के लिए बड़ी संख्या में बुजुर्ग एवं युवा पहुंचे। ख्याल दंगल में ख्याल गायकों ने देशभक्ति, धार्मिक व भारतीय सनातन संस्कृति को लेकर प्रस्तुति दी तो उपस्थित श्रोताओं में जोश भर आया। ख्याल दंगल में गायक कलाकारों ने सनातन धर्म संस्कृति, वीर अभिमन्यु, कीचक वध, अंगद-रावण संवाद व सुदामा चरित्र आदि ख्याल प्रस्तुत किए। हेला ख्याल दंगल में खरैरी, बागरैन, धाधरैन, बाई गाँव के हेला ख्याल पार्टियों ने मन मोहक प्रसंगों की प्रस्तुतियाँ दीं। मेला कमेटी द्वारा ख्याल पार्टियों को पुरुस्कृत किया गया। ख्याल दंगल में मंच संचालन नंदराम व्यास ने किया। इस मौके पर सरपंच जसमती कुमरपाल कोली ग्राम विकास अधिकारी राकेश शर्मा, राजेन्द्र परमार, मौहरसिंह, कालीचरन, नत्थीसिंह, मंगना शर्मा, रविन्द्र परमार, राजवीर सिंह, परमानन्द, कुमरपाल कोली आदि लोग मौजूद रहे।

### समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**भरतपुर ( निसं )।** नगर निगम भरतपुर के वार्ड संख्या 48 में मूलभूत सुविधाओं का अत्यंत अभाव बना हुआ है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में जगह-जगह सड़कें टूटी हुई हैं तथा नालियां क्षितठास्त एवं जर्जर अवस्था में पड़ी हैं। इसके कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है एवं गंदगी एवं जलभराव की समस्या बनी रहती है। क्षेत्र के निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही हैं। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि वार्ड संख्या 48 की जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें एवं 8 सूत्रीय मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने की कृपा करें। अन्यथा, यदि एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ मुख्यमंत्री आवास, जयपुर का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

### नाबालिग छात्रा के अपहरण पर आक्रोश

**भरतपुर ( निसं )।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के अध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव लक्ष्मण सिंह केन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। परिषद के महासचिव महंत मन्नूदास महाराज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नाम का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भरतपुर को देकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव लक्ष्मण सिंह केन ने बताया कि नदबई तहसील के लखनपुर थाना अंतर्गत गांव के जाटव अनुसूचित जाति नाबालिग लडकी का गांव से परचून की दुकान का सामान लेते जाते समय 2 फरवरी 2026 को अपहरण किया गया जिसका मुकदमा लखनपुर थाने पर दर्ज है लेकिन आज तक पुलिस ने नाबालिग लडकी को अपहरणकर्ताओं के चंगल से मुक्त नहीं कराया है और न ही किसी अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है जबकि पीडित परिवार अपनी पुत्री को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाते परेशान हो गये हैं लेकिन उनकी नावालिग पुत्री का पुलिस पता नहीं लगा सकी जिससे पीडित परिजन एवं गांव वालों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोष व्याप्त है। ज्ञापन देकर तुरन्त अपहरणकर्ताओं की गिरफतारी एवं नाबलिग पुत्री की बरामदगी की मांग की है। अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो पीडित परिजनों के साथ नावालिग पुत्री की बरामदगी एवं अपहरणकर्ताओं की गिरफतारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना देने को बाध्य देना पडेगा। प्रतिनिधि मण्डल को पुलिस अधिकारियों ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में जिला जाटव महासभा के अध्यक्ष हरदेव सिंह, हरीसिंह गादौली, अजीत सिंह केन एडवोकेट, महेश बराखुर, हीरादास थानेदार, आदि लोग मौजूद थे।

### आगनबाड़ी केन्द्र जमालपुर पर गर्भवती महिलाओं न्यूडी किट का वितरण

**धौलपुर ( निसं )।** जमालपुर पर गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ एवं पोषण को सुदृढ करने जमालपुर के आँगनवाड़ी केन्द्र के उद्देश्य से न्यूडी किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण । तत्व उपलब्ध कराना और स्वस्थ मातृत्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्य कर्ता गायत्री देवी एवं बाल बर्धन टीम के सदस्य व क्षेत्र समन्वयक कृष्ण कुमार द्वारा कुल - गर्भवती महिलाओं को न्यूरी विट प्रदान की गई। किट के साथ 5 के.जी घी, भुना चना, पिंड खजूर, गुड, मूंगफली, मखाने सहित अन्य पौष्टिक खाद्य साम्रगी शामिल थी, जो माँ और गर्भ मे पल रहे शिशु के बेहतर स्वास्थ के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओ को क्रिट मे शामिल साम्रगी के कायदे, संतुलित आहार के महत्व तथा नियमित स्वास्थ जाँच के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

# ट्रांसफर, प्रमोशन नहीं होने के विरोध में उतरे शिक्षक

■ ग्रीष्मावकाश कटौती एवं संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाश में कटौती आदेश को रद्द कर स्कूलों में रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने की उठाई मांग

**धौलपुर ( निसं )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग की ओर से छात्र एवं शिक्षकों की गर्मी की तथा एचएम पॉवर की छुट्टियों में कटौती किए जाने एवं स्कूलों का संचालन एक जुलाई की जगह 21 जून से किए जाने के विरोध में संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर निधि बीटी को ज्ञापन सौंप कर ग्रीष्मावकाश एवं संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाशों में की गई कटौती को वापस लेकर शिक्षकों के लंबित ट्रांसफर प्रमोशन शुरू कर छात्रों को बेहतर शिक्षा मिले इसलिए सरकारी स्कूलों में लंबे समय से खाली चल रहे शैक्षिणक कार्मिकों के सभी पदों को भरे जाने की मांग की है।

इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने बताया कि सरकार को प्रेषित मांगपत्र में शिक्षा विभाग में पारदर्शी तबादला नीति लागू कर राज्य में पिछले 8 सालों से बंद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के भी नियमित तबादले हों इसकी ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए साल 2018 में भाजपा सरकार में तत्कालीन शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने जिस प्रक्रिया के तहत ट्रांसफर किए थे उसी तरह इस बार तबादलों पर लगी रोक हटाकर ग्रीष्म अवकाश में तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्ग के स्थानांतरण शुरू कराने, साल 2012 के बाद नियुक्त प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता हेतु उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर कर शिक्षकों को राहत दिलाने, स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर सभी ग्रेड के शिक्षकों के खाली पदों को भरने, सेवारत शिक्षकों के पत्राचार से बीएड इंटर्नशिप अवधि में वेतन काटने केआदेश की पुन: परीक्षण कराते हुए ऑन ड्यूटी मानने, सभी संवर्गों की लंबित पदोन्नितयां शीघ्र पूर्ण करने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पदोन्नित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए उच्चतम न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने तथा राज्य में जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत हेतु जल्द पर्याप्त बजट आवंटन करने की मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान सैकड़ों की तादाद में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षा विभाग के फ़ैसले का विरोध दर्ज कराते हुए जमकर नारेबाज़ी कर मुख्यमंत्री से ग्रीष्मावकाश बढ़ाने का व अधिकृत अवकाशों में की गई कटौती को वापस लेने का आग्रह किया। शिक्षा निदेशालय बीकानेर की ओर से नवीन शैक्षिक सत्र में स्कूलों का संचालन 21 जून से कर छात्रों एवं शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश में की गई कटौती रद्द कर प्रधानाध्यापक घोषित अवकाश पूर्व की भांति 2 दिन यथावत रख स्कूलों का संचालन 21 जून के स्थान पर पहले की भांति 1 जुलाई से किए जाने एवं स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी पहले की तरह 17 मई से 30 जून तक ही रखने तथा शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों की तरह एक कैलेंडर वर्ष 30 उपार्जित अवकाश (पीएल) का लाभ देने का आग्रह किया है।

## स्कूल बस की टक्कर से प्रधानाध्यापक की मौत

**हिण्डौन सिटी ( निसं )।** जिले के सूरौठ थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार हेडमास्टर की मौत हो गई। हादसा बयाना रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब 7:50 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार सूरौठ स्थित एक निजी स्कूल की प्राइवेट बस धंधावली से बच्चों को लेकर सूरौठ की ओर आ रही थी। इसी दौरान बस अचानक अनियंत्रित होकर पहले बिजली के पोल से टकराई और फिर सामने से आ रहे बाइक सवार हेडमास्टर भूरी सिंह मीना (58) को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और हेडमास्टर दूर जा गिरे। उनके सिर, हाथ-पैर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक भूरी सिंह मीना राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल धंधावली में हेडमास्टर पद पर कार्यरत थे और भुकरावली गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में करीब 10 से 12 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला।

# ड्रेनेज निर्माण पर उठे सवाल, मुख्य अभियंता से जांच की मांग

**भरतपुर ( निसं )।** भरतपुर शहर में जल निकास के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने आये जल संसाधन विभाग राजस्थान के मुख्य अभियंता जितेन्द्र दीक्षित से स्थानीय गणेश मंदिर अटलबंद पर रियासतकालीन डाकन मोरी पर कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति भरतपुर के प्रतिनिधि मण्डल ने पहुँचकर सीएफसीडी में निर्मित नाले एवं उक्त पुलिया के वैड स्लो के लेविलों में अन्तर होने की शिकायत कर भरतपुर के रियासतकालीन के ड्रेनेज का अवलोकन मुख्य अभियंता को कराते हुए मांग की गई कि समय रहते सीएफसीडी के वैड लेविल को गणेश मंदिर स्थित रियासतकालीन पुलिया के मुताबिक कराया जावे अन्यथा उक्त क्षेत्रका पानी सीएफसीडी का लेविल ऊँचा होकर पम्पों के माध्यम से लिफ्ट करके निकाला जावेगा। मौके पर पहुँचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने रियासतकालीन ड्रेनेज के मानचित्र का अवलोकन कराते हुए अवगत कराया कि भरतपुर की कच्ची खाई और अटलबंद स्थित रियासतकालीन डाकर मोरी व अटलबंद का वैड लेविल समतुल्य था जिसकी वजह से प्राकृतिक आपदा के समय रिंग रोड के बाहर स्थित जमीनों में तीन नदियों का पानी आने से जल भराव होता था जिस पानी को प्राकृतिक जलभराव के रूप में अटलबंद स्थित डाकर मोरी नीमदा गेट एवं चौधरी मैरिज होम के पास स्थित सरकूलर रोड के अंदर पुलियाओं के माध्यम से सुरक्षित तरीके से सीएफसीडी के माध्यम से शहर के बाहर पानी निकाला जाता रहा लेकिन वर्तमान में कई सौ करोडों की लागत से बने एवं बनाये जा रहे वैड लेविल के ऊँचा होने के कारण किसी भी पुलिया का पानी आना असंभव है । भारद्वाज ने सीएफसीडी के लेविलों की जांच कराने की मांग जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता से की गई । भारद्वाज ने मुख्य अभियंता को यह भी अवगत कराया कि माननीय उच्च न्यायालय की खंडपीठ जयपुर में विचाराधीन सूओ मोटो बनाम राजस्थान सरकार रिट पिटीशन में चक नं.0 1 व 2 का राजस्व सुपर इम्पोज मानचित्र फ्लड एरिया का जो पेश किया गया है उक्त मानचित्र के अनुसार सीएफसीडी में एलाइनमेंट बदलकर कच्चे डंडे के बुर्जों एवं भूमियों पर बसी आबादी को काटकर मूल जलभराव को छोडकर आबादी की भूमि में बनी बुर्जों को काटकर नया जलभराव मार्ग विकसित किया जा रहा है। जो माननीय उच्च न्यायालय की पूर्णत: अवहेलना है और कच्चे डंडे एवं बुर्जों पर बसे पटटेशुदा गरीब एवं मजदूरों के मकानों को तोडकर उन पर कुठाराघात किया जा रहा है। इसी प्रकार उन्होंने आगे अवगत कराया कि रेडक्रास चौराहे के पास भी कच्चे डंडे के अंदर सीएफसीडी का निर्माण कराया जा रहा है जबकि माननीय उच्च न्यायालय में प्रेषित मानचित्र में कच्चे डंडे के बाहर लो-लाइन एरिया में नहीं किया जा रहा है जिस पर मुख्य अभियंता ने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं से सीएफसीडी के लेविल एवं न्यायालय के आदेश पर समय समय पर पेश किये गये नाले के एलाइनमेंट के रखने के राजस्व सुपर इम्पोज नक्शा की जानकारी चाही गई इस पर स्थानीय अभियंताओं ने न्यायालय में नाले के एलाइनमेंट का संयुक्त हस्ताक्षिरत नक्शा पेश करना स्वीकार किया गया और आश्वासन भी दिया गया कि उक्त प्रकरण की गहरी जांच कर उचित कार्यवाही कराई जायेगी।

# डॉ. रमेश इन्दौलिया एम.एफ.आई. के पुन: अध्यक्ष बने

**भरतपुर ( निसं )।** भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय साई नई दिल्ली द्वारा मल्लखंभ खेल चुनाव एवं आपसी विवाद निस्तारण के लिए बनाई गई एडपाट कमेटी की पहली बैठक दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के खेलो इंडिया कान्फ्रार्स हाल में बुलाई गई और मीटिंग में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों एवं राज्य संघ के अध्यक्ष, सचिव सभी को एडपाट कमेटी के सदस्य सत्यजीत संक्रीत रिटायर्ड डी.डी.जी. साई एवं अधिकारियों ने कहा कि आप सभी आपस में ही इसे सुलझा लें तो ज्यादा अच्छा रहेगा तथा आप सबकी आपसी सहमति से एमएफआई के सभी विवादों का निस्तारण सही एवं अच्छा रहेगा। उक्त मीटिंग के साथ ही आपसी सहमति के लिए बैठे 19 राज्यों के प्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से पूर्व 2021 के चुनाव मान्यता प्राप्त हैं और उसी के अनुसार हम सभी राज्यों की आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति से डॉ. रमेश इन्दौलिया को ही अपना अध्यक्ष मानते हैं और डॉ. रमेश इन्दौलिया एमएफआई के प्रेसीडेंट के रूप में कार्य करते रहेंगे, साथ ही डॉ. रमेश इन्दौलिया प्रेसीडेंट के साथ ही पूर्व एमएफआई कार्यकारिणी भी नवीन स्पोर्स कोड का संशोधन करने एवं नवीन संशोधित कोर्ड के अनुसार आगामी चुनाव होने तक कार्य करते रहेंगे।

डॉ. रमेश इन्दौलिया के एमएफआई के पुन: अध्यक्ष बनने पर धमवीर सिंह दिल्ली, अजय झा झारखंड, एन.बी. कुराडे गोवा, रवि हिमाचल, राजेन्द्र शर्मा चंडीगढ, मौहम्मद मकसूद जम्मू कश्मीर, सुरेश लदाख, प्रेमचंद शुक्ला छत्तीसगढ, राजकुमार शर्मा छत्तीसगढ, संजीव सरावगी उत्तर प्रदेश, प्रवीण विहार, रमेश उत्तराखंड, रामचन्द्रन तमिलनाडु, प्रकाश सैन्द्रल कुमार तमिलनाडु, संतोष उडीसा, श्रेयस मसकर महाराष्ट्र, ओमप्रकाश त्रिवेदी, सोनू गहलोत म.प्रदेश, रवि प्रकाश उ.प्र., जयचन्द्रन केरला, विपिन राजस्थान, राजू आन्ध्र प्रदेश, सत्यजीत महाराष्ट्र, राहुल चौकसी गुजरात, ओमवीर, रविन्द्र सिंह हरियाना, विपिन पठानियां पंजाब सभी ने अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए मल्लखंभ को आगे बढाने की आशा की है।

डॉ. रमेश इन्दौलिया ने एमएफआई का पुन: प्रेसीडेंट बनाने पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी ने मुझ पर विश्वास करते हुए जो आज सम्मान दिया है उसको पूरी निष्ठा ईमानदारी तथा आप सभी की मनोभावना के अनुरूप पूरी करने का प्रयास करूंगा।

## सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण

**धौलपुर ( निसं )।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 11 विधि से संघर्षरत 1 देखरेख एवं संरक्षण, 2 शिशु उपस्थित मिले। सचिव ने सर्वप्रथम शिशु गृह का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान में दोनों शिशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने पर प्रबंधक ने बताया कि एक शिशु जो कि मानसिक रूप से बीमार है उसका इलाज जारी है। साथ ही शिशुओं के लिए उपलब्ध चद्दरों को साफ-सुथरा रखने एवं खिड़कियों में लगे पर्दों को दिन में खुला रखने के भी निर्देश दिए।

# एसटीसी कॉलोनी में मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

■ फोगिंग कराने की मांग को लेकर आयुक्त को लिखा पत्र

**भरतपुर ( निसं )।** एसटीसी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में मच्छरों के प्रकोप से कॉलोनी के लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर फोगिंग कराने की मांग की है कॉलोनी निवासी शिवकुमार वशिष्ठ, ओंकार शर्मा, कमलेश शर्मा ,कमल इन्दोलिया सहित अन्य कॉलोनीवासियों ने आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि एसटीसी कॉलोनी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है द्य एसटीसी कॉलेज के पीछे गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है द्य गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं और मच्छरों का लार्वा बन रहा है जिसके कारण दिन-रात मच्छर घरों में प्रवेश कर रहे है द्य उन्होंने पत्र में कहा कि मच्छरों के काटने से मलेरिया ,डेंगू जैसी बीमारी बढ़ने का खतरा बना रहता है।

पल पल बदल रहे मौसम से मौसमी बीमारियों से भी लोग परेशान हैं अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही हैं शिवकुमार वशिष्ठ ने बताया कि कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बरसात से भी कॉलोनी के पार्कों ,नालियों ,गड्ढों में पानी भरने से मच्छरों ने अपना आशियाना गंदे पानी में बना लिया द्य वहीँ गंदगी व रुका हुआ पानी मच्छरों का रहवास बन गया है द्य मच्छरों ने कॉलोनी के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। मच्छर रोधी यंत्र भी उन पर काम नहीं कर रहे हैं द्य उन्होंने कॉलोनी में नियमित रूप से फोगिंग कराने की मांग करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा फोगिंग कराने से कॉलोनी के लोगों को मच्छरों से राहत मिलेगी और मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से राहत मिल सकेगी।

# गंगापुर सिटी में बेमौसम बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

■ क्षेत्र में रबी सीजन की गेहूं और सौंफ की फसलें कटाई के लिए तैयार खड़ी है

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली। शाम करीब 7 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रुक-रुक कर आधी रात तक जारी रहा।

इस दौरान तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और आसमान में बिजली कडकने के साथ बादल गरजते रहे। तहसील सूत्रों के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक विभिन्न स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। गंगापुर सिटी में सर्वाधिक 12 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई, जबकि तलावड़ा में 15 मिमी और बामनवास, बरनाला, भावरा तथा वजीरपुर में 5-5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण वातावरण में नमी बढ़ी और तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मंगलवार की बारिश से पहले, सोमवार शाम को भी मौसम में बदलाव देखा गया था। रात करीब 9रू30 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई थी, जिसके साथ बादल गरजे और बिजली चमकी। इसका असर मंगलवार को भी रहा, जब दिनभर सूरज बादलों के पीछे छिपा रहा।

बारिश के बाद बुधवार सुबह मौसम साफ हो गया, लेकिन रात की वर्षा के कारण तापमान में कमी बनी रही। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने, कहीं-कहीं हल्की बारिश और आंधी की संभावना जताई है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। बुधवार को भी दिनभर गर्मी के बाद शाम को अचानक मौसम ने पलटा खाया ओर आसमान में बादल छा गए जिससे लोगो को दिनभर पड रही गर्मी से राहत मिली। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में रबी सीजन की गेहूं और सौंफ की फसलें कटाई के लिए तैयार खड़ी हैं। कई स्थानों पर कटाई चल रही है, जबकि कुछ किसानों ने फसल को खेत-खलिहानों में सुखाने के लिए रखा हुआ है। ऐसे में अचानक हुई बारिश और तेज हवा से फसल खराब होने का खतरा बना हुआ है, जिससे किसान लगातार आसमान की ओर देख रहे हैं।

## सार-समाचार

### जून में स्कूल खोलने के खिलाफ शिक्षक संघ का विरोध

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की गंगापुर सिटी उपशाखा ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें शिविरा कैलेंडर में संशोधन की मांग की गई है। यह ज्ञापन भीषण गर्मी में जून माह में स्कूल खोलने के निर्णय के विरोध में दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपशाखा अध्यक्ष सत्यप्रकाश गर्ग, अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री सोहनलाल गुप्ता और जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र शर्मा ने किया। इसी क्रम में, वजीरपुर उपशाखा ने भी अध्यक्ष श्रीजेश गुर्जर के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों और भीषण गर्मी को देखते हुए जून में स्कूल खोलना अव्यावहारिक है। उन्होंने स्थानीय उत्सवों में विद्यार्थियों की भागीदारी को देखते हुए संस्था प्रधानों को दिए गए अवकाश के अधिकार में कटौती को भी अनुचित बताया। संघ के मंत्री रघुवीर जाटव ने शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाने का विरोध किया। उन्होंने अवकाश कटौती तुरंत समाप्त कर संशोधित शिविरा कैलेंडर जारी करने की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इसके तहत, 20 अप्रैल को जिला स्तर पर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा, जबकि 18 मई को रामगंजमंडी में एक विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी। इस दौरान पवन शर्मा, मुजम्मिल, महेंद्र सिंह धनवाल, बनवारीलाल मित्तल, पवन कुमार गुप्ता, नजीर, फिरोज खान और नरेश सिसोदिया सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण का प्रयास

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** श्री दाऊजी मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन से काम शुरू किया, लेकिन प्रशासन और पुलिस के पहुंचने से पहले ही वे मौके से फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में हलचल मच गई। यह घटना गंगापुर-जयपुर सड़क मार्ग पर ईदगाह से आगे स्थित मंदिर की जमीन पर हुई। स्थानीय लोगों ने जब जेसीबी मशीन से साफ-सफाई और समतलीकरण का कार्य होते देखा, तो उन्होंने तुरंत तहसील प्रशासन और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम और उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके के लिए रवाना हुई। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही कथित अतिक्रमणकारियों को इसकी भनक लग गई और वे वहां से भाग निकले। मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का जायजा लिया और चल रहे कार्य को तत्काल रुकवा दिया। तहसीलदार मुकेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि मंदिर की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मामले में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज रहेंगे बामनवास दौरे पर

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** गुरूवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा समीपवर्ती गांव गढी का बैरवा तहसील बामनवास में बाबा साहेव भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आयेंगें। उपमुख्यमंत्री के विशिष्ठ सहायक भगवत सिंह राठौर ने बताया कि गुरूवार को सुबह सवा 9 बजे उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अपने सिविल लाइन्स स्थित निवास से रामदेव मंदिर कोयल तहसील बामनवास के लिए रवाना होगें जहां उनका नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद उपमुख्यमंत्री गढी का बैरवा गांव में बाबा साहेव की प्रतिमा का अनावरण करेंगेएवं आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर जयपुर के लिए रवाना होगें।

### गंगापुर सिटी में ''गौमाता सम्मान आह्वान अभियान''

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** गौमाता के संरक्षण, सेवा और सम्मान के लिए अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्गोमाता सम्मान आह्वान अभियानश के तहत एक बैठक हुई। इसमें गोसेवकों और धर्मप्रेमियों ने गोवंश की सुरक्षा और वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में बताया गया कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में देसी नस्ल की गोमाता का विशेष महत्व है। हालांकि, वर्तमान में बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश सड़कों और राजमार्गों पर घूम रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और गोवंश की जान जोखिम में पड़ रही है। गोशालाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं होने से यह समस्या और गंभीर हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद दीक्षित ने की, जबकि मुख्य वक्ता भारतलाल गुर्जर ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गोवंश की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से भविष्य में गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से देशभर में गोवंश की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समान और सख्त कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गो सेवा समिति के जिला अध्यक्ष और तहसील प्रचारक गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि संतों के मार्गदर्शन में देशभर में इस दिशा में अहिंसक और शांतिपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर हजारों गोसेवक और धर्मप्रेमी हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

## गाँव-शहर तक पहुँचेगा एनसीडी केयर का फायदा

**जयपुर।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में दिल, शुगर और साँस से जुड़ी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इन बीमारियों का समय पर पता नहीं चल पाता। ऐसे में, यदि जाँच और इलाज की सुविधा पास में ही मिल जाए, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। इसी दिशा में लुपिन फाउंडेशन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर राजस्थान के करौली और हिंडौन में दो एनसीडी (नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज़) कॉर्नर शुरू किए हैं। यह पहल आने वाले समय में और मजबूत होगी, क्योंकि पाँच आकांक्षी जिलों- जैसलमेर, बारां, धौलपुर और सिरोही सहित में कुल नौ एनसीडी कॉर्नर चरणबद्ध तरीके से स्थापित किए जाएँगे। इन एनसीडी कॉर्नर को आधुनिक जाँच उपकरणों से लैस किया गया है, जिससे मरीजों को एक ही जगह पर ब्लड प्रेशर, शुगर, फेफड़ों और दिल से जुड़ी जाँच आसानी से मिल सकेगी। साथ ही, यहाँ नर्सिंग स्टाफ को जरूरी जानकारी और ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि वे लोगों को लाइफस्टाइल बीमारियों से बचाव और सही आदतों के बारे में जागरूक कर सकें। करौली जिला अस्पताल के डिप्टी कंट्रोलर डॉ. भुवनेश बंसल ने कहा, ''जिला अस्पतालों को मजबूत बनाना हमारी प्राथमिकता है।

**शुद्धिकरण**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुष्पेंद्र सैनी पुत्र स्वर्गीय श्री सिरमौहर सैनी निवासी ढंड तहसील महुआ जिला दौसा राजस्थान सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे पिताजी द्वारा अपने सर्विस रिकॉर्ड में मेरे बचपन का बोलता नाम कुसव दर्ज कर दिया गया था जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पेंद्र सैनी पुत्र श्री सिरमौर सैनी दर्ज है कुसव पुष्पेंद्र सैनी दोनों मेरे ही नाम है। अत भविष्य में मुझे पुष्पेंद्र सैनी के नाम से जाना जावे।

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**

(आर्डरा 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान MACT सम्भल स्थित चन्दौसी**

नम्बर मुकदमा 103/ सन 2021

श्रीमती सुखरानी बनाम दीपक सिंघल आदि

सोनू शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा निवासी- आऊ दरखाजा मौहल्ला डीगं पुलिस थाना डीगं जिला भरतपुर (राजस्थान)

**हरगाह...** ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की तारीख 17 माह 06 सन 2026 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे / आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

आपको इत्तिला दी जाती है। कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख ओर फैसला होगा।

दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख सन् 20... ई. को जारी किया।

**इत्तिला**

(1) अगर आपको यह अन्देशा हो कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे। आप अदालत हाजा से सम्मन जारी करा सकते है कि जो गवाह हाजिर न हो जबरन हाजिर करा दिया जाये और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश कराने का आप ख्याल रखते हों वह उससे पेश कराई जाये बशर्ते कि आप अदालत में दाखिल रूपये खर्च की दरख्वास्त गुजराये।

(2) अगर आप मुतावला मुद्दई को न्यायालय में जानशीन करते हैं तो आपको लाजिम हैं। कि आप न्यायालय में पता दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री को आपको डाक द्वारा भेजी जाया।

मोहर अदालत

MACT
सम्भल स्थित चन्दौसी

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**

फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website - www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0 / निविदा / 2026 / 41 दिनांक : 06.04.2026

**संशोधित खुली बोली / नीलामी सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित खुली बोली / नीलामी सूचना सूचना संख्या 6405 दिनांक 25.03.2026 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र0सं0 | नाम कार्य / ठेका | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दोपहिया पार्किंग ठेका मदनमोहन जी मंदिर के पास | बोली की अंतिम तिथि | 06.04.2026 | 13.04.2026 |
| 2 | प्राईवेट बस स्टैण्ड पार्किंग ठेका फायर स्टेशन के पास | बोली की अंतिम तिथि | 09.04.2026 | 15.04.2026 |

राज.संवाद / सी / 26 / 443 आयुक्त

# अजमेर : सड़क किनारे प्रेस करने वाले को 598 करोड़ का आईटी नोटिस मिला

## बताया जा रहा है कि करोड़ों के हीरे-जवाहरात की खरीद-फरोख्त से जुड़ा हुआ है नोटिस

- **जांच सामने आया कि कपड़ों की प्रेस करने वाले पीड़ित जितेंद्र कुमार बड़लिया का पैन कार्ड करीब दो साल पहले गुम हो गया था**
- **पाली मारवाड़ निवासी शत्रुघ्न सिंह ने पैन कार्ड का इस्तेमाल कर जीएसटी नंबर हासिल किया और सूरत गुजरात में मैसर्स मनन इंटरप्राइजेज नाम से एक फर्म खड़ी कर दी**
- **फर्म के माध्यम से करोड़ों रुपए के हीरे-जवाहरात का कारोबार किया जा रहा था, महज 3 महीने में खाते से लगभग 600 करोड़ का ट्रांजैक्शन हुआ, जिस पर बैंक की भूमिका पर सवाल उठे हैं**

**अजमेर, (निसं)।** अजमेर शहर में धोखाधड़ी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसे सुनकर विभाग और आम जनता दोनों दंग हैं। रामनगर क्षेत्र में सड़क किनारे कपड़ों पर प्रेस करने वाले एक गरीब व्यक्ति को आयकर विभाग ने 598 करोड़ 50 लाख 37 हजार 726 रुपए के लेन-देन का नोटिस थमाया है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित जितेन्द्र कुमार बड़लिया जो रामनगर स्थित सरकारी स्कूल के पास कपड़े प्रेस करने का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। वह उस वक्त दहशत में आ गया जब एक अप्रैल को उसे करोड़ों के हीरे-जवाहरात की खरीद-फरोख्त से जुड़ा नोटिस मिला। अपनी आर्थिक स्थिति और नोटिस की भारी भरकम राशि के बीच तालमेल न देख, पीड़ित ने तुरंत अधिवक्ता राकेश ठाडा से संपर्क किया।

अधिवक्ता राकेश ठाडा द्वारा की गई शुरुआती पड़ताल में सामने आया कि यह पूरा मामला पैनकार्ड के दुरुपयोग से जुड़ा है। जांच सामने आया कि जितेंद्र का पैन कार्ड करीब दो साल पहले गुम हो गया था। पाली मारवाड़ निवासी शत्रुघ्न सिंह ने जितेंद्र के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर जीएसटी नंबर हासिल किया और सूरत गुजरात में मैसर्स मनन इंटरप्राइजेज नाम से एक फर्म खड़ी कर दी। इस फर्म के माध्यम से करोड़ों रुपए के हीरे-जवाहरात का कारोबार किया जा रहा था। महज 3 महीने के भीतर बैंक खाते से लगभग 600 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ, जिस पर बैंक की भूमिका पर सवाल उठे हैं।

पीड़ित के वकील ने संबंधित बैंक मैनेजर को भी नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। एडवोकेट ठाडा ने संदेह जताया है कि आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार इतने बड़े ट्रांजैक्शन होने पर अधिकारियों को सूचित क्यों नहीं किया गया? बिना बैंक की मिलीभगत के इतने बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा संभव नहीं है। प्रेसकर्मी जितेंद्र कुमार ने गंज थाना पुलिस में आरोपी शत्रुघ्न सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है और सूरत स्थित फर्म व बैंक खातों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

# अजमेर में महिला से 1.19 लाख रुपए की सायबर ठगी

- **लालच देकर तीन ट्रांजैक्शन में रकम ट्रांसफर करवाई, पुलिस जांच में जुटी**

**अजमेर, (निसं)।** शहर में ऑनलाइन ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है और सायबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला धोलाभाटा स्थित आनंदपुरी क्षेत्र का सामने आया है, जहां एक महिला सायबर ठगी का शिकार हो गई।

जानकारी के अनुसार आनंदपुरी निवासी जेनिका जोनवाल को सायबर ठगों ने लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। ठगों ने झांसा देकर महिला से अलग-अलग तीन ट्रांजैक्शन के जरिए 1 लाख 19 हजार 500 रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। अलवर गेट थाने के एएसआई राजपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत सायबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलते ही संबंधित एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 55 हजार रुपए की राशि को होल्ड करवा दिया, जिससे आंशिक राहत मिली है। मामले में अलवर गेट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह जाखड़ के निर्देशन में पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और सायबर ठगों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या लालच देने वाले ऑफर के झांसे में न आएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि होने पर तुरंत सायबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# नशीली गोलियों के साथ एक गिरफ्तार

**गजसिंहपुर, (निसं)।** पुलिस ने अवैध नशीली गोलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 25,800 नशीली टैबलेट बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मेडिकल नशे पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से की गई।

पुलिस के अनुसार, बरामद की गई गोलियों में 12,000 प्रेगाबिलिन और 13,800 टैपेंटाडोल शामिल हैं। यह खेप गजसिंहपुर के पास भारत माला रोड पर पकड़ी गई। गिरफ्तार आरोपी भगवाना राम उर्फ भोली नायक है, जो वार्ड नंबर 5, गजसिंहपुर का निवासी है।कार्रवाई के दौरान मौके पर औषधी नियंत्रक विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया, ताकि बरामद की गई दवाओं की जांच की जा सके।

# जोधपुर में बुजुर्ग को केसर की खेती का प्रलोभन देकर दस लाख की ठगी

- **पिता, पुत्र और पुत्री ने मिलकर बुजुर्ग से धोखाधड़ी की, मामला दर्ज**
- **बताया जा रहा है कि अन्य लोगों से भी ठगी हुई है**

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर स्थित राजबाग में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति को पिता पुत्र और पुत्री ने मिलकर धोखाधड़ी की। पीड़ित को केसर की खेती का प्रलोभन देकर दस लाख तक का इंवेस्टमेंट करवाने के साथ फ्रॉड कर लिया। इसके अलावा कई अन्य पीड़ित भी है। हालांकि मामला एक ही दर्ज हुआ है। घटना को लेकर नागौरी गेट पुलिस जांच में जुटी हुई है।

नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि राजबाग, सूरसागर निवासी किशनलाल गहलोत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उनकी पहचान सेवाराम शर्मा नाम के शख्स से है। उसके बेटे अक्षत और पुत्री मोल्ली ने केसर की खेती के बारे में बताया था। इन लोगों द्वारा केसर खेती को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी प्रचार प्रसार किया गया। चूंकि सेवाराम उनके मिलने वाले थे और बेटा-बेटी से पहचान हो गई। तब उन्होंने केसर खेती के बारे में जानकारी दी और कहा कि केसर कश्मीर से बाहर से मंगवाने के लिए सेफरान एक्ट लागू है, जिस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। उन्होंने केसर खेती के बारे जानकारी दी कि वे इसके लिए सेटअप लगाकर देंगे। साथ ही उसका अच्छा मार्जिन भी मिलेगा। केसर को एक्सपोर्ट भी किया जा सकता है। दस किलो तक एक्सपोर्ट कर सकते हैं, जिससे दस लाख तक का मुनाफा मिलेगा। इन लोगों ने उनसे 25 हजार रूपए पहले ले लिए फिर सेटअप लगाने के नाम पर लाखों का इंवेस्टमेंट करवा दिया।

परिवादी किशनलाल ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने समझाया कि एग्रोफोनिक सिस्टम से केसर की खेती की जा सकती है। उत्पादन भी खुद कर सकते है। इसके बीज 14-15 सौ रूपए किलो के भाव से बिकते है। बाद में खुद का उत्पादन करने से बीजों से फिर बीज तैयार कर सकते है। इस पर जीएसटी चार्ज भी शून्य होता है। बाद में परिवादी को पता लगा कि केसर को कश्मीर के बाहर से मंगवाने पर कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है।

सेटअप के लिए सारा सामान अभियुक्तों द्वारा ही उनकी वास्तविक कीमतो पर दिलवाने की बात कही गयी एवं बीज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के वास्तविक मूल्य पर उपलब्ध करवाएंगे व केसर के फूल से केशर निकालने तक हर कदम पर गाइड करेंगे। यह भी बताया गया कि बीज आपके यानी परिवादी के पते पर कुरियर से आयेंगे। इसमें जीएसटी शून्य है।

आरोपियों की बातों में आकर परिवादी किशनलाल ने दस लाख का इंवेस्टमेंट कर दिया। मगर बाद में वे टालमटोल जवाब देते रहे। उन्हें गुमराह किया गया, जबकि उन लोगों का पता था कि बीज कानूनन नहीं मंगाए जा सकते हैं। उन्होंने हल्के बीज और सस्ती दर वाले उपलब्ध करवाए, साथ ही सेटअप के लिए लगाई ट्यूब लाइट की कीमत 875 रूपए वसूली गई, जोकि बाजार में 500 की है। इस तरह साजो सामान पर भी ज्यादा पैसे वसूल किए। रिपोर्ट में आरोप है कि दस लाख का इंवेस्टमेंट करवाने के नाम पर फ्रॉड किया गया, पांच-छह अन्य लोगों को भी इसका शिकार बनाया गया है।

# 1700 लीटर अवैध डीजल जब्त, एक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** गोलूवाला थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन से 1700 लीटर अवैध डीजल जब्त किया गया है। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को लंबे समय से इलाके में अवैध डीजल बिक्री की सूचना मिल रही थी। एनएच 62 कैंचियां पर एक ट्रांसपोर्ट की दुकान के सामने पिकअप से अवैध रूप से डीजल बेचा जा रहा था। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और पिकअप को थाने ले आई। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें विशेष रूप से तैयार एक टैंक और पाइप सिस्टम मिला, जिसका उपयोग अवैध डीजल बिक्री के लिए किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि पिकअप में लगभग 1700 लीटर डीजल भरा हुआ था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान श्रीगंगानगर निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर पिकअप में लगे टैंक के जरिए विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करता था। वाहन में मोटर, पाइप और नाप-तौल के उपकरण भी लगाए गए थे। पुलिस ने मौके से अवैध डीजल, पिकअप वाहन और बिक्री में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरण जब्त कर लिए हैं।

# उदयपुर की पहाड़ियों पर नया विवाद : हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

**उदयपुर, (कास)।** शहरी क्षेत्रों में लागू 'पहाड़ संरक्षण मॉडल नियमावली-2024' को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस नियमावली की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान इस मामले को पूर्व से लंबित याचिका के साथ सूचीबद्ध करने के निर्देश भी दिए हैं। याचिका उदयपुर की झील संरक्षण समिति द्वारा दायर की गई है, जिसमें कहा गया है कि 18 अप्रैल 2025 को अधिसूचित यह नियमावली राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 337 के तहत जारी की गई है, जबकि यह धारा पहाड़ संरक्षण के लिए नियम बनाने का अधिकार नहीं देती। ऐसे में यह नियमावली मूल कानून के दायरे से बाहर है। समिति ने आरोप लगाया कि यह नियमावली संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 48.ए का उल्लंघन करती है। साथ ही, उदयपुर मास्टर डेवलपमेंट प्लान के विपरीत पहाड़ियों पर हो रहे अवैध निर्माण और भूउपयोग परिवर्तन को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई है। याचिका में यह भी कहा गया कि नई नियमावली हाईकोर्ट के पूर्व फैसलों अब्दुल रहमान (2004), राजेंद्र राजदान (2007) और गुलाब कोठारी (2017) सहित 2018 की फुल बेंच के निर्देशों का उल्लंघन करती है। समिति के अनुसार 2018 के नियमों को चुनौती देने वाली याचिका 23 मई 2025 को निस्तारित हो गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी 17 नवंबर 2025 को वापस लेते हुए नई याचिका दायर करने की छूट दी गई, जिसके आधार पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई है।

# कार में लाई जा रही अवैध शराब पकड़ी

- **पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया**

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ीनगर पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने फार्च्यूनर गाड़ी में लाई जा रही अवैध शराब के साथ दो जनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एएसआई कल्याण सिंह तंवर मय जाब्ता द्वारा थाना क्षेत्र के पीपली चौराहा जसरापुर पर नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबन्दी के दौरान एक सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी जसरापुर की साईड से आती दिखाई दी, जिसको एएसआई तंवर ने बैरिगेट लगाकर रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी चालक ने तेजगति से वाहन को चलाकर सरकारी गाड़ी के टक्कर मारते हुए गाड़ी को लोयल की तरफ भगा ले गया। सरकारी जीप के टक्कर लगने से आगे का टायर फट गया व सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान पुलिस टीम ने 112 की गाड़ी से फॉर्च्यूनर गाड़ी का 8-10 किमी तक लगातार पीछा कर उक्त गाड़ी को लोयल का बास सरदारपुरा के पास से जप्त किया, जिसमें तीन व्यक्ति थे, जिनके भागने पर पुलिस द्वारा पीछा कर दो आरोपी करण सिंह निवासी लोयल व महेन्द्र निवासी लोयल को पकड़ लिया। वहीं एक आरोपी राहुल मीणा निवासी नयाबास हाल लोयल मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी को चैक किया तो देशी शराब की 25 पेटी मिली जिनको जब्त किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# तस्कर गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में कोतवाली थाना पुलिस ने रिको क्षेत्र से 303 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर आरोपी सुमेर सिंह को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी जब्त किया गया है। जिला विशेष शाखा से मिली पुख्ता सूचना के अनुसार रिको क्षेत्र में एक संदिग्ध स्विफ्ट कार खड़ी होने और उसमें अफीम होने की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कार की तलाशी लेने पर चालक के कब्जे से 303 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

# दहेज की मांग से परेशान विवाहिता ने आत्महत्या की

## चाचा की रिपोर्ट पर पति, सास और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 24 निवासी एक 20 वर्षीय विवाहिता ने मंगलवार को दहेज की मांग से तंग और परेशान होकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची बीदासर थाना पुलिस ने शव को बीदासर के राजकीय टांटिया सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया, जहां मंगलवार की देर शाम पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर मृतका आरती का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। दूसरी और पुलिस थाने में मृतका के चाचा की रिपोर्ट पर पति, सास और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लाडनूं निवासी मृतका के चाचा लालाराम कालवा ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि उनकी भतीजी आरती पुत्री ओमप्रकाश मेघवाल का विवाह 23 नवंबर 2023 को बीदासर निवासी भागूराम पुत्र तोलाराम के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही आरती के ससुराल वाले पति भागूराम, सास संपू और जेठ उदाराम उसे दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी उसे आए दिन दहेज के लिए पीटते और ताने देते थे। रिपोर्ट के अनुसार, जेठ उदाराम आरती को अक्सर यह कहकर डराता था कि उसने तीन शादियां की हैं और वह अपने छोटे भाई की भी दूसरी शादी करवा देगा। इन तानों और प्रताड़ना के कारण आरती का जीना दूभर हो गया था। रिपोर्ट में मृतका के चाचा ने बताया कि 6 अप्रैल को आरती ने अपने भाई मनीष को फोन कर बताया था कि उसके साथ फिर से मारपीट की गई है। इसी प्रताड़ना से तंग आकर आरती ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं पुलिस ने मृतका के चाचा कि रिपोर्ट पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है मामले की जांच बीदासर पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी कर रहे है।

# अलवर में 15 क्विंटल प्लास्टिक जब्त की

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर निगम-कमिश्नर के ऑफिस के सामने सिंगल यूज प्लास्टिक के गोदाम पर कार्रवाई कर प्लास्टिक जब्त किया गया। नगर निगम की टीम ने बुधवार को रामबाबू वाली गली से 20 कट्टे सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किये। वहीं इससे पहले मंगलवार को स्वर्ग रोड से भी करीब 15 कट्टे प्लास्टिक से भरे मिले थे। इन्हें भी जब्त कर दो दिन में दो जगह से करीब 15 क्विंटल प्लास्टिक जब्त की गई है। इस माल की कीमत 2 लाख रुपए से अधिक है।

नगर निगम की ईओ निशा लखानी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। मिलने पर माल जब्त के अलावा जुर्माना लगाया जाता है। कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक होने की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की ईओ निशा लखानी ने बताया कि अलवर शहर में मंगलवार को स्वर्ग रोड पर ट्रांसपोर्ट कंपनी से 15 कट्टे जब्त किए गए थे। वहीं बुधवार को घंटाघर पर रामबाबू गली में गोदाम से करीब 20 कट्टे जब्त किए गए हैं। दोनों जगहों पर जब्त माल के आधार पर मालिक पर जुर्माना लगाया जाएगा।

# तारकोल की जगह काले तेल से सड़क बनाने का आरोप

- **11 दिन में उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों का आरोप है कि अफसरों से शिकायत के बाद भी घटिया निर्माण हुआ**
- **अलवर के निकट रामगढ़ रोड पर देसूला में बनाई करीब 1 किमी की रोड में ग्रामीणों ने तारकोल की जगह आधा काला तेल काम लेने का आरोप लगाया**

**अलवर, (निसं)।** अमेरिका-ईरान तनाव के चलते तारकोल (बिटुमन) के दाम आसमान छू रहे हैं, तो अब सड़क बनाने में तारकोल की जगह काला तेल काम में लेने की शिकायतें आना शुरू हो गई हैं। करीब 11 दिन पहले अलवर के निकट रामगढ़ रोड पर देसूला गांव में बनाई करीब 1 किलोमीटर की रोड में ग्रामीणों ने तारकोल की जगह आधा काला तेल काम लेने का आरोप लगाया है। दिन में जब घटिया काम का विरोध किया तो ठेकेदारों ने एक ही रात में पूरा रोड जल्दबाजी में तैयार कर दिया। अब सड़क बनते ही छोटे-छोटे गड्ढे दिखने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश में पोल खुल जाएगी। इसमें रोड़ियों के ऊपर शुरूआत में तारकोल की जगह काला तेल काम लिया गया। अफसरों को शिकायत की तो बोले कि 19 लाख की जगह 12 लाख रुपए ही मंजूर हुए हैं। इसलिए बजट की कमी से दिक्कत आई है। आगे ठीक करा देंगे।

बीजेपी के एमआईए मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि देसूला में यह करीब एक किलोमीटर रोड दो साल पहले मंजूर हुई थी, जिसे बनवाने के लिए एक्सईएन से लेकर जेईएन तक खूब सिफारिश की। दोनों मंत्रियों तक गए। अब 26 मार्च को रातों रात रोड बना गए। दिन में घटिया सडक़ बनाने का विरोध किया तो रात में फटाफट बना दी। सड़क के दोनों तरफ रोड़ियां (गिट्टी) तक नहीं डाली गई। जब अफसरों से शिकायत की तो बोले कि रोड के लिए 19 लाख रुपए की जगह 12 लाख रुपए आए हैं। इस घटिया रोड की 181 पर मुख्यमंत्री को भी शिकायत की है।

# अवैध अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की गांधीनगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से 850 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है।

अति. पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन के निर्देश व वृत्ताधिकारी (शहर) सज्जन सिंह सांखड़ा के सुपरविजन में गांधीनगर थानाधिकारी डॉ. नेहा राव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम को क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी दी गई थी। पुलिस के अनुसार, छह अप्रैल को गश्त के दौरान टीम ने संदिग्ध लग रहे युवक भोमाराम (25) पुत्र गंगाराम जाट, निवासी डूडीनगर आगोलाई, थाना बालेसर, जिला जोधपुर को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से 850 ग्राम अफीम मिली। वैध लाइसेंस या परमिट नहीं होने पर पुलिस ने अफीम को जब्त कर आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। थाना गांधीनगर में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी अफीम कहां से लाया था और इसकी सप्लाई भीलवाड़ा में कहां की जानी थी।


**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in
Date : 06-04-2026
**Notice Inviting Bid**
Bids for of drainge and coumputer work invited from interested bidders upto 11:30 AM 09-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2627WSRC00544, DLB2627WSRC00545, DLB2627WSRC00547, DLB2627WSRC00548, DLB2627SSRC00550
Raj.Samwad/C/26/481
Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2026 / 159–161 दिनांक : 02.04.2026
**ई–टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 01/2026–27**
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से यूरिनल एवं सुलभ कॉम्पलेक्स मरम्मत कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्य की लागत 41.56 लाख रूपये है तथा UBN No. DLB2627WSOB00187 है।
राज.संवाद / सी / 26 / 496
आयुक्त
नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दूरभाष स.0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org
क्रमांक : निविजा / 2026–27 / ई –02 दिनांक :– 03.04.2026
**(ई–भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 02/2026–27**
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 70.17 लाख के कुल 03 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 04.04.2026 एवं अंतिम तिथि 13.04.2026 तथा निविदा खुलने की तिथी 15.04.2026 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
UBN No. UNP2627WSOB00003
राज.संवाद / सी / 26 / 513
अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, उदयपुर

**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**
क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2026-27/3982 - 94 दिनांक :- 02/04/2026
**ऑफलाईन निविदा सूचना सं0 01/2026-27**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से एजेंसियों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई. प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 04 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://bhda.rajasthan.gov.in/home/dptHome एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।
निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।
UBN विवरण :– WAQ2627SSOB00002, WAQ2627SSOB00003, WAQ2627SSOB00004, WAQ2627SSOB00005
राज.संवाद/सी/26/434
सचिव
भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
1462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com
क्रमांक / निर्माण / 2026–27 / 103 दिनांक:– 02.04.2026
**ई–निविदा सूचना संख्या 02/2026–27**
नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षेत्र में राज्य सरकार से प्राप्त 15वें वित आयोग (अनटाईड), 6th FFC तथा निजी आय मद से 5 निर्माण कार्य परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रक्रिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 21.04.2026 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के Axis Bank के खाता संख्या 914010005810609 आई.एफ.सी. कोड UTIB0001825 में जमा कराकर बोली धरोहर का डी.डी. / बैंकर चैक नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 22.04.2026 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 05 निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 60.11 लाख रूपये है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्ते SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।
जिसका NIB Code DLB2627A0169 है एवं UBN No. निम्नानुसार है:–
1. DLBWSOB00515, 2. DLBWSOB00518, 3. DLBWSOB00523, 4. DLBWSOB00525, 5. DLBWSOB00526
राज.संवाद / सी / 26 / 504
आयुक्त
नगर परिषद, ब्यावर


# युवक का शव झील में मिला

**जोधपुर, (कासं)।** चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित रामनगर में घर से निकले युवक का शव कायलाना झील में मिला। युवक का पैर फिसलने से मौत होना बताया गया है।

मृतक के चाचा की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। हालांकि उसके लापता होने की गुमशुदगी पुलिस ने दर्ज की थी। चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने बताया कि 4 सेक्टर निवासी रमेश तोलानी ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भतीजा रामनगर निवासी गिरीश तौलानी मंगलवार को घर से निकल गया था। बाद में उसका शव दोपहर में कायलाना झील में मिला। झील के किनारे उसका मोबाइल पड़ा होने पर गोताखोरों ने तलाश की, तब वह पानी में मिला। राजीव गांधी नगर पुलिस की कायलाना चौकी स्टाफ पहुंचा। युवक की पहचान बाद में गिरीश तौलानी पुत्र अशोक तौलानी के रूप में की गई। उसके चाचा रमेश तौलानी ने कायलाना में पैर फिसलने से गिरने की मर्ग में रिपोर्ट दी है।

# सात करोड़ का सोना हड़पने वालों को नहीं पकड़ पाई पुलिस, परिवादी परेशान

## गिरोह का मास्टरमाइंड हेमन्त सहित अनेक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं

- **बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में अभी तक रूपा झुनझुनवाला और विजय झुनझुनवाला को ही पकड़ा है**

**बीकानेर, (निसं)।** करीब डेढ वर्ष पहले आभूषण बनाने का कहकर कई स्वर्ण व्यापारियों का सोना हड़प ले जाने के मामले में पुलिस से अभी भी नामजद पांच आरोपी पकड़ से दूर हैं। जिसके चलते परिवादी मानसिक परेशानी झेल रहे हैं। इस मामले को लेकर परिवादीगण अनेक बार पुलिस के पास जा चुके हैं, किन्तु उन्हें महज निराशा ही हाथ लगी है। पुलिस शेष आरोपियों को पकड़ने के लिये आश्वासन दे रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में अभी तक रूपा झुनझुनवाला और विजय झुनझुनवाला को ही पकड़ा है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड हेमन्त सहित अनेक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। जानकारी मिली है कि आरोपियों ने करीब सात करोड़ का सोना गबन किया है।

जानकारी के अनुसार हुकमचंद सोनी की ओर से अक्टूबर 2024 में नयाशहर थाने में परिवाद दर्ज किया गया था। करीब डेढ़ वर्ष बाद भी पुलिस के हाथ महज दो आरोपी लगे हैं। इस बीच परिवादी की ओर से कई बार थाना अधिकारी व जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित परिवाद देकर शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा माल बरामदगी की गुहार लगा चुके हैं। उसके बाद भी पुलिस की शिथिलता के कारण परिवादी को न्याय नहीं मिल रहा है। हालात यह है कि 2105 ग्राम सोने न बरामदगी हो रही है और न ही आरोपी पुलिस की पकड़ में आ रहे है। जबकि परिवादी थाने के चक्कर लगा लगाकर थक चुका है। मामला शहर के नयाशहर थाने में दर्ज है। जिसमें परिवादी ने एक महिला सहित पांच जनों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार जस्सूसर गेट के बाहर श्रीनाथ ज्वैलर्स के हुकमचंद सोनी पुत्र मूलचंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपियों ने षडयंत्रपूर्वक मेरा व अन्य व्यापारियों का सोना आभूषण बनाने का कहकर ले लिया। इसके बाद उन्होंने उक्त सोना अपने निजी कार्य में काम में लेकर हड़प लिया। आरोपियों ने न तो सोना दिया और नहीं आभूषण बनाकर दिए। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर साल्ट लेक कोलकाता कलकता निवासी विक्रम झुनझुनवाला उर्फ विक्की, अक्षत पुत्र विक्रम झुनझुनवाला, रूपा पत्नी विक्रम झुनझुनवाला, श्रीकांत सिकरिया पुत्र सज्जन, हेमंत सिकरिया पुत्र सज्जन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राकेश गोदारा को सौंपी गई है। आरोप है कि ये लोग नाम बदल बदलकर बीकानेर के अनेक स्वर्ण व्यवसायियों से इस प्रकार की धोखाधड़ी कर चुके हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में भी तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि दो मुकदमे कलकत्ता में भी दर्ज किये जा चुके हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी ब्रह्मपुरी चौक निवासी जयप्रकाश नथमल सोनी व एक अन्य व्यापारी कैलाश सोनी ने भी इनके खिलाफ मामले दर्ज करवाए हुए हैं, जिनकी जांच पुलिस कर रही है। परिवादियों का आरोप है कि पुलिस ऐसे धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रही है।

## विधानसभा में 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त

**जयपुर** । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति कितने अधिक संवेदनशील है, इसका उदाहरण उन्होंने एक बार पुनः बुधवार को विधानसभा के तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिया। विधानसभाध्यक्ष देवनानी पिछले 2 वर्षों से भी अधिक समय से विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के लगभग सभी सेवानिवृति कार्यक्रमों में लगातार उपस्थित रहते आए है। बुधवार को विधानसभा के तीन कर्मियों अनुभाग अधिकारी सत्यनारायण सैनी, वरिष्ठ लिपिक ताराचन्द बाटड और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सागर देवी के सेवानिवृत्ति समारोह में भी वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। इस समारोह में राज्य के स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विकास कार्यों पर चर्चा की

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर देते हुए विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री बुधवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा के भीतर पूरी हों। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता न किया जाए और योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को तेज गति देना और जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में जनसेवा और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने एनएच, एनएचएआई, सीआरआईएफ, आरएसआरडीसी सहित विभिन्न सड़क एवं अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की ।

# असंतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों में 60 फीसदी दर पर आवंटन करेगा रीको प्रशासन

### प्रदेश के जिन औद्योगिक क्षेत्रों में 3 नीलामियों के बाद भी कुल बिक्री योग्य भूखंड़ों का 10 फीसदी से ज्यादा आवंटन नहीं हो पाया, वहां उद्यमियों को बड़ी राहत दी गई

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । प्रदेश के जिन औद्योगिक क्षेत्रों में 3 नीलामियों के बाद भी कुल बिक्री योग्य भूखंड़ों का 10 फीसदी से ज्यादा आवंटन नहीं हो पाया है, ऐसे असंतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों में रीको प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। रीको प्रशासन इन जगहों पर भूखण्डों का आवंटन प्रचलित औद्योगिक दर या आरक्षित दर (जो भी अधिक हो) के 60 प्रतिशत मूल्य पर करेगा। इन औद्योगिक क्षेत्रों में लीज अवधि को भी 99 वर्ष से घटाकर 33 वर्ष कर दिया गया है।

> ■ **इन औद्योगिक क्षेत्रों में लीज अवधि को भी 99 वर्ष से घटाकर 33 वर्ष कर दिया गया है।**

प्रत्यक्ष आवंटन योजना के नौवें चरण में 27 असंतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिनमें उद्यमियों का अच्छा रेस्पॉन्स देखने को मिला है। इन औद्योगिक क्षेत्रों के 22 भूखण्डों पर 25 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह कदम उद्योग स्थापना की लागत को कम करने में सहायक होगा।

निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दी है। निवेशकों की प्रत्यक्ष आवंटन योजना में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से एमओयू से जुड़े नियमों में शिथिलता दी है। अब राइजिंग राजस्थान एमओयू होल्डर्स योजना के चरण प्रारंभ होने पर भी ईएमडी जमा कराने की अंतिम तिथि तक एमओयू निष्पादित कर पात्र बन सकेंगे, जिससे अधिक निवेशकों को अवसर मिलेगा। पूर्व में निवेशक प्रत्यक्ष आवंटन योजना का चरण प्रारंभ होने से 15 दिन पूर्व यदि एमओयू कर लेते थे, तभी वे उस चरण में भाग ले पाते थे।

रीको के कुछ ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों में भी निवेशकों ने रूचि दिखाई थी जो विशेष श्रेणी के उद्योगों के लिये आरक्षित थे। इन क्षेत्रों में निवेशक सामान्य श्रेणी के उद्योग लगाना चाहते थे। इसके लिए रीको ने इन क्षेत्रों में उपयोग की श्रेणी में बदलाव किया है। जयपुर के औद्योगिक क्षेत्र मानपुर माचेडी जो पहले लेदर उद्योग के लिए आरक्षित था, अब सामान्य श्रेणी के लिए बना दिया गया है। इसी प्रकार इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क थौलाई, जयपुर तथा बोरानाडा (जोधपुर) स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क के कुछ भाग को भी सामान्य श्रेणी के उद्योगों के लिए उपलब्ध कराया गया है। मेडिकल डिवाइस पार्क, बोरानाडा में इस नए क्षेत्र को इंडस्ट्रियल ग्रोथ पार्क बोरानाडा एक्सटेंशन नाम दिया गया है।

# घटना के 11 साल बाद रिटायर चिकित्सा अधिकारी को दी गई चार्जशीट पर रोक

### हाईकोर्ट ने मुख्य चिकित्सा सचिव और कार्मिक सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने साल 2013 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहते बनाई मेडिकल रिपोर्ट को लापरवाही से तैयार करना बताकर साल 2024 में रिटायर चिकित्सा अधिकारी को दी चार्जशीट पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में मुख्य चिकित्सा सचिव और कार्मिक सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. अमर सिंह मीणा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

> ■ **चार्जशीट में आरोप है कि 8 मार्च 2013 को बनाई प्रारंभिक चोट रिपोर्ट को तैयार करने में लापरवाही बरती गई है**

याचिका में अधिवक्ता तरुण जैमन ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता साल 2013 में करौली के हिंडौन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी था। इस दौरान उसने 8 मार्च, 2013 को वीर सिंह का मेडिकल करते हुए उसके 9 चोटे आना बताया था। याचिका में कहा गया कि उसे 12 जून, 2024 को विभाग ने चार्जशीट देते हुए आरोप लगाया की वीर सिंह की मौत के बाद 12 मार्च, 2013 को एसएमएस अस्पताल में हुए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसके 29 चोटें पाई गई थी। चार्जशीट में आरोप लगाया गया की उसने 8 मार्च को बनाई प्रारंभिक चोट रिपोर्ट को तैयार करने में लापरवाही बरती है। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता कई साल पहले रिटायर हो चुका है। वहीं पेंशन सेवा नियम, 1996 के तहत रिटायर कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई आरंभ नहीं की जा सकती। इसके अलावा घटना के 11 साल बाद चार्जशीट देना गलत है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए चार्जशीट पर रोक लगा दी है।

## एस.आई. भर्ती प्रकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कैवियट दायर

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ की ओर से एसआई भर्ती-2021 को रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से एसएलपी पेश करने आशंका को देखते हुए हाईकोर्ट के याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दायर की है। जिससे कि इस भर्ती को लेकर एसएलपी पेश होने पर कोई भी फैसला होने से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए।

यह केविएट मूल याचिकाकर्ता व असफल अभ्यर्थी कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की ओर से दायर की है। इनकी ओर से गुहार की गई है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ के भर्ती रद्द करने के एकलपीठ के फैसले को बरकरार रखने के आदेश के खिलाफ यदि राज्य सरकार या अन्य कोई चयनित अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर करे तो उन्हें सुने बिना कोई आदेश नहीं दिए जाए।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 859 पदों की एसआई भर्ती-2021 में बड़े पैमाने पर पेपर लीक व धांधली होने के आधार पर उसे रद्द करने के आदेश दिए थे।

इसके खिलाफ दायर राज्य सरकार व अन्य की अपील का निस्तारण करते हुए खंडपीठ ने भी एकलपीठ के आदेश को सही माना था। राज्य सरकार की ओर से फिलहाल हाईकोर्ट की खंडपीठ के फैसले पर विचार विमर्श किया जा रहा है और अभी तक एसएलपी दायर करने को लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

# ऑटोमाइज्ड तुलाई कांटों का लाइव परीक्षण शुरु

### यूजर फ्रैण्डली मोबाइल एप भी जल्द ही होगा जारी : अपर्णा अरोरा



**अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने जयपुर के उगरियावास में एडप्ट इंफ्रा के तुलाई कांटे से औपचारिक लाइव परीक्षण किया।**

**जयपुर** । राज्य में खनन क्षेत्र के ऑटोमाइज्ड अधीकृत तुलाई कांटों का बुधवार से लाइव परीक्षण शुरु कर दिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने जयपुर के उगरियावास में एडप्ट इंफ्रा के तुलाई कांटे से औपचारिक लाइव परीक्षण शुरु करते हुए ऑटोमाइज्ड व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा खान धारकों और विभागीय उपयोग के लिए ऑटोमाइज्ड अधीकृत तुलाई कांटों के लिए मोबाइल एप्प भी जल्द ही जारी किया जाएगा। उन्होंने अधीक्षण खनि अभियंता, खनि अभियंता और सहायक खनि अभियंताओं से फील्ड में दौरा कर मोनेटरिंग, खानधारकों से समन्वय और फीड बैक के निर्देश दिए। एसीएस खान अपर्णा अरोरा ने बताया कि पहले चरण के 309 तुलाई कांटों में से 130 तुलाई कांटों पर लाइव परीक्षण शुरु कर दिया गया है, शेष 179 तुलाई कांटों का 20 अप्रेल तक लाइव परीक्षण शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने लीजधारकों से भी आगे आकर तुलाई कांटों के ऑटोमाइज्ड व्यवस्था से जुड़ने का आग्रह किया है। एडप्ट इंफ्रा के लीजधारक हरि सिंह चौधरी व गौरव खंडेलवाल सहित उपस्थित लीजधारकों से फीडबेक लिया और आईटी टीम के आवश्यक निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार देवेन्द्र शर्मा का निधन

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में मंगलवार शाम को सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हुए



पत्रकार देवेन्द्र शर्मा (45) का बुधवार को उपचार के दौरान निधन हो गया। मंगलवार रात मालवीय नगर में ओटीएस चौराहे और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आर.आई.सी.) के पास देवेन्द्र की बाइक को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में पत्रकार देवेन्द्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। डॉक्टर्स ने मध्यरात्रि में उनके सिर का ऑपरेशन भी किया, लेकिन भरकस प्रयासों के बावजूद देवेन्द्र की जान नहीं बचा पाये। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।
इस संबंध में मृतक देवेन्द्र के भाई दिनेश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस की ओर से की जा रही है।

ज्ञात रहे कि देवेन्द्र शर्मा ने राष्ट्रदूत समाचार पत्र से अपने पत्रकारिता करियर की शुरूआत की और लंबे समय तक यहां सेवाएं दीं। वे कई मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके थे।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल सरदारमल ने बताया कि सड़क दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। टक्कर मारने वाली कार को डिटेन कर लिया गया है, जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाया, 2 घंटे बाद वही हाल

**जयपुर** । लालकोठी सब्जी मंडी के आस-पास सड़कों पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर निगम के सतर्कता दस्ते ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम दस्ते का ज्यादा फोकस चालान पर रहा, जबकि सड़क पर लगी दुकानें और सभी ठेलों को हटाने को लेकर लापरवाही बरती गई। खास बात यह है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दो घंटे बाद ही सड़क पर फिर से ठेले वालों ने डेरा डाल लिया। नगर निगम की सतर्कता शाखा की टीम ने बुधवार को लालकोठी सब्जी मण्डी, हनुमान वाटिका, केश्यावाला पर हो रहे अतिक्रमणों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्रवाई कर 15 ट्रक सामान जब्त किया गया और 57 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। इसके साथ ही फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को दुबारा अस्थाई अतिक्रमण न करने की समझाइश भी की गई। इस कार्रवाई के दौरान दस्ते ने पुलिस मुख्यालय से लगती सड़क पर लगे सभी ठेलों को नहीं हटाया तो सड़क पर लगी दुकान का चालान काट कर इतिश्री कर ली। सड़क पर लगी दुकान से इस रोड पर जाम के हालात रहते है। निगम ने इस रोड पर लगे ठेलों को तिरपाल से ढकवा दिया।

### पुलिस कमिश्नर 11 को करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर** । आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 11 अप्रैल (शनिवार) को पुलिस थाना चौमूं में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी और मौके पर समाधान का प्रयास किया जाएगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार इस जनसुनवाई में चौमू सर्किल के चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा और दौलतपुरा थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करना है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी और शिवदासपुरा थानों में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

### अष्टम पोषण पखवाड़ा आज से शुरू होगा

**जयपुर** । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रति वर्ष सभी लाइन विभागों, सेवा प्रदाताओं, सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। जिससे समग्र रूप से पोषण संबंधी परिणामों में सुधार किया जा सके। आई सी डी एस निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर ने बताया कि अष्टम पोषण पखवाड़ा-2026 देशभर में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष थीम "जीवन के प्रथम 6 वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास" रखी गई है। शासन सचिव पूनम ने इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं राजस्थान श्री ाासुदेव मालावत ने सभी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग व बाल विकास परियोजना अधिकारी को पत्र लिखकर पोषण पखवाड़े के सफलतापूर्वक आयोजित के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विभिन्न विभागों से अभिसरण कर गतिविधि कलेण्डर के अनुसार गतिविधियाँ आयोजित करने तथा जन आंदोलन डैशबोर्ड पर प्रतिदिन की प्रविष्टियां दर्ज करने को कहा गया है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एमडी तस्करी करने के आरोप में शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त से गिरोह में शामिल व खरीद -फरोख्त करने वालों के बारे मे जानकारी जुटाने शुरु कर दिया है। एएसआई गोपाल लाल ने बताया कि गश्त के दौरान जगतपुरा इलाके में एक युवक प्लास्टिक की पारदर्शी पॉलीथीन में लेकर खड़ा हुआ था। चैकिंग करने पर पॉलीथीन में सफेद रंग का दानेदार एकडीएमए बरामद हुई। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए सहित आरोपी योगेंद्र सिंह (22) पुत्र रघुवीर सिंह आरकेनपुरम ,सीतापुरा ,सांगानेर निवासी को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। मामले की अग्रीम कार्यवाही मालवीय नगर थानाधिकारी विरेंद्र सिंह के सुपुर्द की गई है।

### वीरांगना को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर** । जयपुर जिला प्रशासन ने स्वर्गीय सैनिक मदन लाल की धर्मपत्नी सुमन देवी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सीकर जिले की परडोली छोटी (तहसील सीकर ग्रामीण) निवासी सुमन देवी को जयपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कलक्टर संदेश नायक ने कहा, "शहीद सैनिकों का बलिदान राष्ट्र की सर्वोच्च धरोहर है।

## पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म, अब 5 दिन शुष्क रहेगा मौसम

**जयपुर** । पश्चिम विक्षोभ के असर से जयपुर सहित प्रदेश के करीब एक दर्जन से अधिक शहरों में मंगलवार देर रात तक बारिश का दौर जारी रहा। बुधवार को भी प्रदेश के आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में अब पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म हो गया। प्रदेश में गुरुवार से आगामी चार-पांच दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को करौली, कोटपुतली, खैरथल-तिजारा सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बुधवार को अधिकांश शहरों में मौसम शुष्क रहा और धूप खिली। इससे शहरों के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई तो रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई। 35.2 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 23.2 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में अनेक स्थानों पर तथा पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश शाहपुरा (जयपुर) में 45.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। विक्षोभ के असर से राज्य में तापमान भी सामान्य

> ■ **जयपुर में बुधवार को दिनभर छितराए बादल छाए रहे और धूप खिली**

से नीचे दर्ज किये जा रहे है बुधवार दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव राज्य के अधिकांश भागों से समाप्त हो गया है। बुधवार को कोटा, भरतपुर संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 9 अप्रेल से राज्य में आगामी 4-5 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। आंधी बारिश के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में वर्तमान में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 9 डिग्री नीचे दर्ज किया जा रहा है। आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। जयपुर में मंगलवार देर रात तक बारिश का दौर चला। बुधवार को दिनभर छितराए बादल छाए रहे और धूप खिली। दोपहर बाद काले घने बादल भी नजर आए, लेकिन बरसात नहीं हुई। जयपुर के दिन के तापमान में 0.1 डिग्री की बढ़ोतरी तो वहीं रात के पारे में 4.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

# पतंजलि ने रचा 'विश्व भेषज संहिता' महाग्रंथ, डब्ल्यूएचओ ने 'असंभव' कहकर छोड़ा था

### अब 'गूगल' अपनी एआई के लिए मांग रहा संग्रहित किया डेटा

**हरिद्वार (कासं)।** कभी दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था ने जिस काम को 'असंभव' मानकर बीच रास्ते में छोड़ दिया था, उसी कार्य को भारत में एक संकल्प ने न केवल आगे बढ़ाया, बल्कि उसे इतिहास में दर्ज कर दिया। यह कहानी है उस अद्भुत पुरुषार्थ की, जहां तप, शोध और दूरदर्शिता ने मिलकर 'विश्व भेषज संहिता' जैसा महाग्रंथ रच दिया और आज हालात यह है कि डिजिटल युग की दिग्गज कंपनी गूगल भी उसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पतंजलि के दरवाजे पर दस्तक दे रही है।

देहरादून के दून पुस्तक मेले में पतंजलि ग्रुप के आचार्य बालकृष्ण ने खुलासा करते हुए बताया कि, वर्ष 1999 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की। लक्ष्य था, दुनिया भर की वनस्पति आधारित चिकित्सा पद्धितयों, औषधीय पौधों और पारंपरिक ज्ञान को एकत्रित कर एक वैश्विक दस्तावेज तैयार करना। परंतु करीब 11 वर्षों की मेहनत के बाद 2010 में डब्ल्यूएचओ ने इस परियोजना को रोक दिया। कारण साफ था, यह कार्य अत्यधिक व्यापक, जटिल और लगभग असंभव प्रतीत हो रहा था। अंततः डब्ल्यूएचओ केवल 3 सीमित वॉल्यूम तक ही सिमट गया।



आचार्य बालकृष्ण

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि, बिना किसी वैश्विक शोर-शराबे के पतंजलि योगपीठ ने 2003-04 से इसी दिशा में काम शुरू कर दिया था। संस्थान को यह भी ज्ञात नहीं था कि डब्ल्यूएचओ इस पर पहले से कार्य कर चुका है। करीब दो दशकों की निरंतर शोध और संकलन के बाद 2022 में यह कार्य अपने पूर्ण स्वरूप में सामने आया।

इस दौरान 3.60 लाख पौधों में से 50 हजार औषधीय पौधों की पहचान, 2000 जनजातियों के पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण, 964 हीलिंग प्रैक्टिसेस का संकलन, 9 चिकित्सा पद्धितयों का समावेश, 12 लाख से अधिक स्थानीय (वर्नाक्युलर) नामों का संग्रह तथा

> ■ **विश्व भेषज संहिता में 109 खंड, डब्ल्यूएचओ 10 वर्षों में सिर्फ 3 वॉल्यूम निकाल पाया था**
>
> ■ **दून पुस्तक मेले में पतंजलि ग्रुप के आचार्य बालकृष्ण ने खुलासा किया**

2200 से अधिक स्त्रोतों पर आधारित शोध को समेटकर लगभग 1.25 लाख पृष्ठों का 'विश्व भेषज संहिता' तैयार हुआ।

आचार्य बालकृष्ण का कहना है कि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा के इस युग में, जब दुनिया डिजिटल ज्ञान पर निर्भर है, तब गूगल जैसी टेक दिग्गज कंपनी ने पतंजलि से एविडेंस-बेस्ड डेटा के लिए संपर्क साधा है।

यानि गूगल एआई के प्रयोग के लिए पतंजलि का संग्रहित साक्ष्य आधारित डेटा मांग रहा है, ताकि वह इस डेटा से एआई को और मजबूत कर सके। यह केवल एक सहयोग नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत का पारंपरिक ज्ञान अब वैश्विक टेक्नोलॉजी के केंद्र में पहुंच चुका है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ऑटो रिक्शा चालक की मौत

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से ऑटो चालक की उपचार दौरान मौत हो गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हादसे के बाद फरार होने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

दुर्घटना थाना पूर्व के हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि मृतक भतीजे कुलदीप सिंह सुमेर रोड स्थित ज्योति नगर ,जामडोली निवासी कुलदीप सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि उसके चाचा बलबीर सिंह पुत्र रतन सिंह ऑटो से जामडोली मार्ग होते हुए मच्छी दरवाजा,नाहरसिंह बाबा मंदिर के पास से जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस की सहायता से उन्हे सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान ट्रोमा इमरजेंसी में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित भतीजे की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## 4 दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं

**जयपुर** । नारायण विहार क्षेत्र के वंदेमातरम रोड स्थित सांवरिया फिलिंग स्टेशन पर 4 अप्रैल को हुए हमले में पंप मालिक सोहनलाल चौधरी और दो कर्मचारियों को गंभीर चोटें आईं, लेकिन चार दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं आने से पुलिस कार्रवाई अटकी हुई है। हमले में सोहनलाल के सिर पर 7 और कर्मचारी माहिर के सिर पर 14 टांके आए, जबकि संतोष कुमार को हल्की चोटें आईं। आरोपियों ने मारपीट के दौरान 43 हजार रुपए भी छीन लिए। घटना के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट के अभाव में पुलिस ने सामान्य मारपीट व चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद है। जानकारी के अनुसार, कार सवार युवकों ने प्लास्टिक बोतल में पेट्रोल भरने की मांग की, जिसे नियमों के चलते मना करने पर विवाद हुआ।

# पचपदरा रिफाइनरी परियोजना प्रदेश को आत्मनिर्भर और आर्थिक समृद्ध बनायेगी : मदन राठौड़

### लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर (कासं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल 2026 को पचपदरा रिफाइनरी परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। राठौड़ ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा क्षेत्र में निर्माणाधीन रिफाइनरी परियोजना राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होने जा रही है, जिसकी आधारशिला वर्ष 2007-08 में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नेतृत्व में रखी गई थी।

राठौड़ ने कहा कि रिफाइनरी परियोजना रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगी। पहले जहां 10 से 30 हजार लोगों के रोजगार की संभावना थी, वहीं अब लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर सरकार ने नवाचार करते हुए पाली, बालोतरा एवं जोधपुर क्षेत्र के शोधन किए गए अपशिष्ट जल के उपयोग का प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे आमजन के लिए पेयजल की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। भाजपा सरकार जनसेवा के उद्देश्य से कार्य कर रही है और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सितंबर 2013 में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को पचपदरा बुलाकर रिफाइनरी परियोजना का शिलान्यास कराया, जो केवल एक चुनावी ढोंग साबित हुआ। उस समय न तो भूमि का अधिग्रहण किया गया था और न ही आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियां ली गई थीं, जिसके कारण कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना पर कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

गहलोत सरकार द्वारा किया गया समझौता राज्य के हितों के विपरीत था। इस समझौते के तहत राजस्थान सरकार को 15 वर्षों तक प्रति वर्ष 3736 करोड़ रुपए बिना ब्याज के संबंधित कंपनी को देने का प्रावधान किया गया था, जो रिफाइनरी परियोजना में क्रूड निकालने का कार्य करती। राठौड़ ने कहा कि जमीन हमारी, तेल हमारा और भुगतान भी हम ही करें, जबकि हमें केवल 26 प्रतिशत इक्विटी मिले और 74 प्रतिशत हिस्सेदारी कंपनी को दी जाए-यह पूरी तरह से राज्य के साथ अन्याय था। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के पुनः सत्ता में आने के बाद इस समझौते में व्यापक सुधार किए गए।

राज्य सरकार का वित्तीय भार कम करते हुए लगभग 40 हजार करोड़ की बचत सुनिश्चित की गई तथा अनावश्यक वार्षिक भुगतान की शर्तों को समाप्त किया गया। साथ ही, परियोजना में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाकर उसे अधिक लाभकारी बनाया गया। वर्तमान में राज्य का वित्तीय योगदान लगभग 16,845 करोड़ तक सीमित किया गया है।

# अलवर कलैक्टर ने जल संरक्षण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया

## 'निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्धता से पूर्ण करायें'



जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला अलवर में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर निर्देश दिये।

■ जिला कलैक्टर ने पर्यावरण संरक्षण हेतु चिन्हित स्थानों पर एनकेप के तहत कराए जा रहे पौधरोपण कार्य का भी अवलोकन किया

**अलवर,** (निसं)। जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को नगर निगम की टीम के साथ जल संचय-जन भागीदारी अभियान के तहत नगर निगम कराए जा रहे भूरा सिद्ध, भाखेड़ा व जरखा वाला एनीकट निर्माण कार्यों एवं श्री अग्रसेन सर्किल के पास बन रही फूड स्ट्रीट तथा इसी स्थान पर एनकेप के तहत कराये जा रहे इंटरलॉकिंग टाइल्स, पौधरोपण एवं सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलैक्टर ने एनीकट निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्धता से पूर्ण करावें, जिससे वर्षाऋतु के दौरान जल का संचयन होने के साथ भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में आवश्यकतानुसार स्थानों का चिन्हिकरण कर जल संचयन की संरचनाओं का निर्माण कराया जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि पानी के संरक्षण के लिए आमजन को प्रोत्साहित कर रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाये जाएं। इसके उपरान्त जिला कलैक्टर ने श्री अग्रसेन सर्किल के पास बन रही फूड स्ट्रीट कार्य का निरीक्षण कर फूड स्ट्रीट पर आवंटियों से स्टॉल चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां किसी भी प्रकार गंदगी ना होवे, इसके लिए कचरे के उपयुक्त प्रबंधन हेतु गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण कराकर डस्टबिन का उपयोग करने हेतु पाबंद करें। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां पर एनकेप के तहत कराये जा रहे इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं सड़क निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे, जिससे यहां के सौन्दयकरण में वृद्धि हो सके। उन्होंने यहां पर्यावरण संरक्षण हेतु चिन्हित स्थानों पर एनकेप के तहत कराए जा रहे पौधरोपण कार्य का अवलोकन कर निर्देश दिये कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ग्रीनरी का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करावे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लापरवाही सामने आने पर प्रिंसिपल सहित तीन टीचर सस्पेंड

■ माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने स्कूलों का निरीक्षण किया था, निरीक्षण के दौरान एक स्कूल में एक भी छात्र नहीं मिला, जबकि अन्य स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए

**बीकानेर,** (निसं)। सरकारी स्कूलों में एडमिशन के प्रति लापरवाही सामने आने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बीकानेर में एक प्रिंसिपल सहित तीन शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया। औचक निरीक्षण के दौरान एक स्कूल में एक भी छात्र नहीं मिला, जबकि अन्य स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

निदेशक जाट लूणकरणसर ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के निरीक्षण पर पहुंचे थे। बामनवाली गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक भी छात्र मौजूद नहीं था। प्रिंसिपल द्वारा केवल पांच नए प्रवेश होने की जानकारी दी गई, जबकि आंगनबाड़ी से छात्रों को स्कूल में लाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया था। इस पर प्रिंसिपल राजन सिंह को सस्पेंड करते हुए 16 सीसीए के तहत नोटिस जारी किया गया।

हंसेरा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापिका रजनी बाला (लेवल-2, अंग्रेजी) और विद्यालय सहायक गिरधारी लाल मूंड बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस पर दोनों को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए गए। वहीं कार्यवाहक प्राचार्य भंवर लाल के खिलाफ राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी स्कूल में सात कार्मिक अनुपस्थित मिले, जिस पर निदेशक ने नाराजगी जताई। इसके अलावा धीरेरा गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया गया, जहां प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

# अब पांचवीं में भी फेल होंगे विद्यार्थी

■ नए प्रावधान से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अब पढ़ना होगा, अगर पढ़ाई में लापरवाही बरती तो वे फेल हो जाएंगे

**बीकानेर,** (निसं)। सरकार ने पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब पांचवीं कक्षा में भी विद्यार्थी फेल हो सकेंगे। इससे पहले यह प्रावधान आठवीं बोर्ड परीक्षा पर लागू था। नए प्रावधान से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अब पढ़ना होगा। अगर पढ़ाई में लापरवाही बरती तो वे फेल हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह बदलाव पांचवीं कक्षा की 2026-27 की परीक्षा से लागू होगा। अब तक पांचवीं कक्षा में किसी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाता था। केवल पूरक घोषित किया जाता था। इसके बाद पूरक परीक्षा ली जाती और उसमें सभी को उत्तीर्ण कर दिया जाता था। अब पूरक आए विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने के लिए जरुरी अंक प्राप्त करने होंगे। वरना उसे पांचवीं कक्षा में ही रोक दिया जाएगा।

# उदयपुर में चाकू से हमला कर युवक की हत्या

■ वारदात के बाद आरोपी फरार

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर शहर के बिच्छुधाटी पर देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद हत्यारे कार में सवार होकर फरार हो गए। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। हत्या के बाद बुधवार सुबह परिजनों ने मोर्चरी में हंगामा किया और प्रशासन से मुआवजे व नौकरी की मांग करते हुए हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार शहर के घंटाघर क्षेत्र में स्थित बिच्छुघाटी पर बिच्छुघाटी (सिलावटवाड़ी) में आपसी रंजिश के चलते कार में सवार नाईम पुत्र मोईनुद्दीन निवासी ठोकर प्रतापनगर हॉल अम्बामाता, कुंदन पुत्र बालमुकुंद निवासी आयड़ भुपालपुरा व साथी ने चाकू से हमला कर अम्बावगढ निवासी मो. साहिल पुत्र मो. आरिफ पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह अचेत होकर निचे गिर पड़ा। इसको देख उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर घंटाघर थानाधिकारी करमवीरसिंह मय टीम ने मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश शुरू की। इधर क्षेत्रवासियों की भीड़ एमबी चिकित्सालय मोर्चरी के बाहर इकठ्ठा होकर शव लेने से इनकार करते हुए 25 लाख मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। थानाधिकारी कर्मवीरसिंह मय टीम ने समझाईश कर मामला शांत किया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी में सामने आया कि मो. साहिल पुत्र मो. आरिफ अपने साथी जिशान के साथ नईम और कुंदन ने टेलीफोन पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते गाली गलोज होने पर देख लेने की हो गई। इसी दौरान हाथीपोल से नई पुलिया जाने वाली रोड़ पर डेयरी के पास दोनों पक्ष आमने सामने हो गए और इस दौरान हुई चाकूबाजी में साहिल की मौत हो गई। पुलिस की टीमें हमलावरों की तलाश में जुटी है। आरोपी कुंदन भुपालपुरा पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर बताया जाता है।

# अलग-अलग जगह से जुआरियों को पकड़ा, केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेल रहे कुछ युवकों को पकड़ा और जुआ अधिनियम में केस दर्ज किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माता का थान थाने के एएसआई जस्साराम ने एक वाटर सप्लायर प्लांट के पास में खाईवाली कर रहे विशेष खटिक को पकड़ा। उससे 2300 रूपए बरामद किए गए। इसी तरह महामंदिर थाने के एएसआई मनीराम ने रेलवे क्रॉसिंग महामंदिर के पास गुब्बाखाई कर रहे किशन सांसी को गिरफ्तार कर रूपए जब्त किए। जबकि सदर बाजार थाने के एएसआई नेमीचंद ने बम्बा मौहल्ला क्षेत्र में नरेश खिंची को पकड़ा। वहीं सरदारपुरा थाने के एसआई विश्राम मीणा ने गांधी मैदान के पास विजय मेघवाल को गिरफ्तार कर जुआ राशि जब्त की।

# सलूम्बर : घाटा और लालपुरा में कोई अन्य रोगी नहीं, स्थिति हो रही सामान्य

■ घाटा पंचायत में एवं लालपुरा क्षेत्र में अज्ञात बीमारी के प्रकोप से पांच बच्चों की असामयिक मौत का मामला

■ जिला कलेक्टर ने हाई लेवल बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की

**सलूंबर,** (निसं)। जिला कलैक्टर मुहम्मद जुनेद पी पी के नेतृत्व में निरंतर निगरानी सुनिश्चित की गई, घर घर जा कर सर्वे किया एवं आमजन से अपील की गई। पिछले तीन दिन से लगातार सघन मॉनिटरिंग की गई एवं अलग-अलग टीमों का गठन कर ग्राउंड लेवल पर जांच और निगरानी शुरू की गई। जिला कलेक्टर ने हाई लेवल बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सलूम्बर डॉ. महेन्द्र कुमार परमार ने बताया कि पूर्व में खण्ड लसाडिया के घाटा पंचायत में एवं लालपुरा क्षेत्र में अज्ञात बीमारी के प्रकोप से पांच बच्चों की असामयिक मौत हो गई, लेकिन सात अप्रैल को दो बच्चों की मौत अन्य कारणों से एवं आठ अप्रैल को झल्लारा खण्ड क्षेत्र के गांव छोटी विरवा से एक बच्चे को सामुदायिक॰स्वास्थ्य॰केन्द्र झल्लारा से डायबिटीक केटोएसीडोसीस सस्पेक्ट करते हुए जिला चिकित्सालय सलूम्बर हेतु रेफर किया गया एवं वहा से बालक को आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर हेतु रेफर किया गया, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी पुष्टी की गई।

घाटा और लालपुरा गांवों में अब स्थिति काफी हद तक सामान्य हो रही है। कोई नए गंभीर मामले सामने नहीं आने से प्रशासन ने बुधवार को राहत की सांस ली है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। साफ-सफाई, बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान और किसी भी लक्षण पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह ले। फिलहाल स्थिति नियंत्रण है एवं अफवाहों से बचने की अपील की है लेकिन बीमारी की असली वजह का पता लगाना अभी भी बेहद जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सके।

वहीं जिले में बच्चों की अज्ञात बीमारी से हो रही मौतों के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सर्वे, सैंपलिंग और निगरानी अभियान तेज कर दिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए लसाड़िया में जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनेद पी पी ने अधिकारियों की आपात बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र परमार को घाटा, लालपुरा सहित आसपास के गांवों में सर्वे कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक बच्चे की नियमित मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध मामले को तुरंत चिन्हित किया जा सके। स्वच्छता और पानी पर फोकस, सैंपलिंग के निर्देश दिए।

# बारह हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



आरोपी पटवारी प्रदीप।

**नोहर,** (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ ईकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी पटवार मण्डल जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ को बारह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

पटवारी प्रदीप कुमार द्वारा परिवादी के पिता व चाचा के नाम वसीयत से इंतकाल दर्ज करने की एवज में परिवादी से पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत की मांग कर रहा था। जिस पर ए.सी.बी. हनुमानगढ़ की सुधा पालावत अति. पुलिस अधीक्षक ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी को बारह हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस. परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# जवाई बांध रेलवे स्टेशन का नाम बदला

**अजमेर,** (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर मंडल के अंतर्गत आने वाले 'जवाई बांध' रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अब 'सुमेरपुर जवाई बांध' कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार यह निर्णय यात्रियों की सुविधा अको ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद आदेश जारी कर दिया गया है। स्टेशन का कोड भी अब जे डब्ल्यू बी से बदलकर जे एस डब्ल्यू बी कर दिया है। रेलवे के सभी सिस्टम, जैसे पीआरएस और यूटीएस में नए नाम और कोड को अपडेट किया जा रहा है।

# प्रदेशभर में प्रवेशोत्सव और नामांकन बढ़ाने पर जोर, शिक्षा मंत्री ने समीक्षा की

■ शिक्षा मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग की ओर से वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित

**अजमेर,** (निसं)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में चल रहे प्रवेशोत्सव, नामांकन बढ़ाने के प्रयासों तथा शैक्षिणक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

वीसी के माध्यम से जुड़ी अजमेर की जिला शिक्षा अधिकारी दर्शना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक अजमेर जिले में 2200 से अधिक नए विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ा है, जो विभाग के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। शिक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए अन्य जिलों को भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। वीसी के दौरान शिक्षा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जागरूकता अभियान, जनसंपर्क और स्थानीय स्तर पर विशेष प्रयास करने पर जोर दिया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि नामांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए इसे ऑनलाइन किया जाए, ताकि अभिभावकों को सुविधा मिल सके। बैठक में पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके अलावा विद्यालयों में चल रही अन्य शैक्षिणक गतिविधियों की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

# इनामी ड्रग तस्कर भवानीसिंह गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। पुलिस ने पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में वांछित और इनामी अंतरर्राज्यीय ड्रग तस्कर भवानीसिंह भाटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहा था।

तस्कर के कब्जे से एक कार, एक लाख रुपए नकद, 6 मोबाइल फोन और एक डोंगल भी बरामद किया है। एसपी ने बताया कि डीएसटी प्रभारी मदनलाल खटीक ने एक संदिग्ध बिना नंबर की कार को रोका। ड्राइवर ने अपनी पहचान महिपाल सिंह बताई और एक फर्जी आधार कार्ड पेश किया। कडाई से पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके पास से एक और आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी असली पहचान बालोतरा निवासी भवानी सिंह भाटी के रूप में हुई। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर कोतवाली थाने ले जाया गया। पूछताछ में भवानी सिंह के आपराधिक रिकॉर्ड का खुलासा हुआ। वह एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ राजस्थान के बालोतरा, हनुमानगढ़, फलौदी और पंजाब के श्रीमुक्तसर साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

वह पंजाब के मुक्तसर साहिब में पकड़ी गई नौ हजार नशीली गोलियों के मामले में मुख्य आरोपी है और लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी पर फलौदी जिले में 25 हजार रुपए और हनुमानगढ़ जंक्शन में 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। जांच में सामने आया कि भवानी सिंह बिना किसी वैध लाइसेंस के फर्जी बिलिंग के जरिए फार्मा कंपनियों के नाम पर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां मंगवाता था। वह इन दवाओं की अंतरर्राज्यीय स्तर पर तस्करी कर नशे का नेटवर्क फैला रहा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी कार्यवाही के लिए फलौदी पुलिस को सौंप दिया है।

# बीकानेर में आर्मी एरिया के पास दस फीट की सुरंग मिली

■ पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि गड्ढे की बनावट और उसके स्थान को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां इसे जासूसी से जोड़कर देख रही थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-पाकिस्तान के सीमावर्ती जिले बीकानेर में सैन्य क्षेत्र के पास 10 फीट लंबी सुरंग मिली है। मिलिट्री इंटेलिजेंस की जांच में डूंगर कॉलेज कैंपस में मंगलवार को मिली यह सुरंग बीकानेर कैंट से 250 मीटर दूर है। पुलिस की जांच में सामने आया कि एक युवक ने आर्मी एरिया के पास अस्थाई घर बनाने का प्रयास किया था। पुलिस ने दो भाइयों को डिटेन किया है। सुरंग से पुलिस को हेडफोन, बिजली के तार और 23 मार्च के अखबार में लिपटी चार रोटियां भी बरामद हुई है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि अजय मेहरा और विजय मेहरा सार्दुलगंज में पंचशती सर्किल के पास रहते हैं। दोनों शराब पीने के आदी हैं। दोनों के पिता नहीं हैं। मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है। दोनों का घर नहीं है। ऐसे में अजय ने डूंगर कॉलेज परिसर में 10 फीट लंबा सुरंगनुमा गड्ढा खोद लिया था। वहीं पर रहने लगा। उसका प्लान था कि धीरे- धीरे यहीं पर अस्थाई कमरा बनाकर रहेगा। इस बीच किसी ने गड्ढे का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिससे जासूसी का शक हुआ। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गई। थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी का कहना है कि पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि गड्ढे की बनावट और उसके स्थान को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां इसे जासूसी से जोड़कर देख रही थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। दोनों भाइयों से पूछताछ की जा रही है।

पूछताछ में अजय मेहरा ने बताया कि हमारा पहले घर था, लेकिन प्रशासन ने उसे अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया। इसके बाद हम दोनों भाई पंचशती सर्किल पर ही सोते थे। करीब एक महीने पहले हमारा आपस में झगड़ा हो गया, जिसके बाद मैंने अलग रहने का फैसला किया। मैं डूंगर कॉलेज के क्षेत्र में ही गड्ढा खोदकर अस्थाई घर बनाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। मैं दिनभर कबाड़ इकट्ठा करता हूं और उसे बेचने के बाद आए पैसों से खाना खरीदता हूं। जासूसी जैसा कोई प्रयास नहीं है।

# बीकानेर : चानी गांव में खनिज वाहनों से करोड़ों रुपए वसूलने की जांच एसीबी करेगी

## रसीद बुकों के मुताबिक 2.13 करोड़ रुपए की वसूली की गई, जिसमें से 1.26 करोड़ रुपए के बिल, वाउचर ही नहीं थे

■ चानी ग्राम में वर्ष-2015 से 2020 तक तत्कालीन सरपंच, वीडीओ व अन्य कार्मिकों की मिलीभगत से नाका लगाकर खनिज वाहनों से करोड़ों की वसूली की गई थी

■ कोलायत पंचायत समिति के वीडीओ वीरपालसिंह की ओर से इस मामले की रिपोर्ट एसीबी को दी गई

**बीकानेर,** (निसं)। कोलायत के चानी गांव में वर्ष-2015 से 2020 तक पांच साल अवैध नाका लगाकर करोड़ों रुपए वसूली के मामले की जांच एसीबी करेगी। रसीद बुकों के मुताबिक 2.13 करोड़ रुपए की वसूली की गई, जिसमें से 1.26 करोड़ रुपए के बिल, वाउचर ही नहीं थे। इसकी रिपोर्ट एसीबी को दे दी गई है।

चानी ग्राम में तत्कालीन सरपंच, वीडीओ व अन्य कार्मिकों की मिलीभगत से मनमर्जी से नाका लगाकर खनिज वाहनों से करोड़ों रुपए की अवैध वसूली की गई थी। कोलायत पंचायत समिति के वीडीओ वीरपालसिंह की ओर से इस मामले की रिपोर्ट एसीबी को दे दी गई है।

एसीबी अधिकारियों ने जयपुर मुख्यालय को मामले की जानकारी दी है। वहां मुकदमा दर्ज होगा या पीई दर्ज कर मामले की जांच कराई जाएगी। एसीबी की जांच में पूरे मामले की परतें उधड़ेंगी, क्योंकि, तत्कालीन चानी सरपंच मनोहरसिंह और ग्राम विकास अधिकारी उदयभान यादव ने मनमर्जी से निजी आय के नाम पर अवैध नाका लगाकर क्ले, बजरी, सिलिका सेंड व अन्य खनिज ढोने वाले वाहनों से करोड़ों रुपए की वसूली की थी। इसके लिए वाहन कर प्रस्ताव, आदेश, अनुमति, पंचायत बैठक या ग्राम सभा से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला था। बाद में कोलायत पंचायत समिति के रसवन्त राय और सहायक लेखाधिकारी प्रेमसागर यादव से जांच कराई तो उजागर हुआ कि 1.26 करोड़ रुपए के बिल, वाउचर नहीं थे। 56 लाख रुपए के बिल-वाउचर मिले जिन पर सरपंच, वीडीओ के पूरे हस्ताक्षर नहीं थे। रसीद बुकों के अनुसार वाहन कर से 2.13 करोड़ रुपए की आय सामने आई। कैश बुक में 1.82 करोड़ रुपए की ही आय दर्ज है। इस मामले में वीडीओ उदयभान यादव को नौकरी को बर्खास्त किया जा चुका है।

# जोधपुर अभय कमांड ने तीन घंटे में लाखों के गहनों से भरा बैग ढूंढ निकाला

■ बालोतरा जा रहा एक परिवार पावटा से रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा में सवार हुआ था, ऑटो में बैग छूट गया था

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में कमिश्नरेट पुलिस की तत्परता और अत्याधुनिक तकनीकी निगरानी का एक उदाहरण सामने आया है। अभय कमांड सेंटर ने महज तीन घंटे के भीतर एक परिवार का गुम हुआ बैग बरामद कर लिया, जिसमें लाखों रुपए के सोने के आभूषण रखे थे।

जानकारी के अनुसार बालोतरा जा रहा एक परिवार पावटा से रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा में सवार हुआ था। स्टेशन पहुंचने और सामान उतारने के बाद परिवार को ध्यान आया कि गहनों से भरा कीमती बैग ऑटो में ही छूट गया है। बैग में लाखों के जेवरात होने के कारण परिवार की महिला सदस्य बुरी तरह घबरा गईं और बदहवास होकर रोने लगी। चूंकि ऑटो का नंबर किसी को याद नहीं था, इसलिए उसे ढूंढना एक बड़ी चुनौती थी। रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत महिला को अभय कमांड सेंटर भेजा। कमांड सेंटर पहुंचने पर टीम ने सबसे पहले पीड़ित महिला को पानी पिलाया और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनका सामान सुरक्षित मिल जाएगा। इसके तुरंत बाद, शहर के चप्पे-चप्पे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क को खंगाला गया। पुलिस की कई टीमों ने समन्वय बिठाकर संदिग्ध रूट के दर्जनों कैमरों की फुटेज जांची। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम उस बिना नंबर वाले ऑटो रिक्शा को ट्रेस करने में सफल रही। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ऑटो को रोका और उसमें रखा सारा सामान सुरक्षित बरामद कर लिया। इस सफल ऑपरेशन को पुलिस कमिश्नर शरत कविराज के निर्देशन और डीसीपी शाहीन सी की सतत मॉनिटरिंग में अंजाम दिया गया। ग्राउंड लेवल पर अभय कमांड प्रभारी नरेंद्र चौधरी, पुलिस अधिकारी भूपेंद्र कुमार और रामचंद्र सहित कंट्रोल रूम की टीम का बेहतर तालमेल रहा। अपना खोया हुआ कीमती सामान वापस पाकर पीड़ित परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने जोधपुर पुलिस के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।



इस हार के लिए बल्लेबाज जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि गेंदबाजों को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी। उनके मुताबिक टी20 क्रिकेट में कुछ सही गेंदें ही मैच का रुख बदल सकती हैं।

**- हार्दिक पांड्या**

मुंबई इंडियंस के कप्तान, टीम की हार को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## एश्टन टर्नर



**पाकिस्तान** की टी-20 लीग काफी विवादों में रही। जिस कारण पाकिस्तान की दुनिया भर में फजीहत हुई। इसी कड़ी में अब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एश्टन टर्नर ने लीग से नाराजगी जताते हुए कहा कि कंबल और तकिया ढूंढकर यहीं मैदान में सो जाता हूं।एश्टन टर्नर लीग में मुल्तान सुल्तान्स की कप्तान कर रहे हैं। क्वेटा के खिलाफ मैच खेलने के बाद एश्टन टर्नर ने पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में कहा कि, शायद कंबल और तकिया ढूंढकर यहीं सो जाना चाहिए। क्योंकि वक्त बहुत कम है। उनका ये बयान खूब चर्चा में है। पीएसएल में सिर्फ 8 टीमें खेल रही हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने पाक को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट्स (टेस्ट, वनडे, टी-20) मिलाकर कुल 150 से अधिक बार हराया है। मुख्य क्रिकेट रिकॉर्ड्स में, भारत ने 136 वनडे में से 58 और 17 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 14 बार जीत दर्ज की है।

## अर्जेंटीना दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी अर्जेंटीना दौरे पर जाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के बुधवार को घोषित 24 सदस्यीय दल में ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और अनुभवी गोलकीपर सविता की वापसी हुई है। डिफेंडर ज्योति और अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी मुमताज खान की भी वापसी हुई है, जिससे टीम के रक्षण और आक्रमण दोनों विभागों को मजबूती मिलेगी। भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले अहम तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा कि यह दौरा टीम संयोजन को परखने और खिलाड़ियों के विकल्प बढ़ाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने 'हॉकी इंडिया' से जारी बयान में कहा, यह दौरा हमारे लिए अधिक खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने और अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उन्हें परखने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा, टीम के लिए वैकल्पिक खिलाड़ियों को तैयार करना हमारे लिए जरूरी है। इस तरह के अनुभव युवा खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की हॉकी की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह हमें विभिन्न संयोजनों को आजमाने का मौका भी देता है। टीम के लिए सबसे बड़ी मजबूती फिट होकर लौटीं फॉरवर्ड दीपिका की वापसी है, जो पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) के बाद फिर से टीम की मुख्य ड्रैग-फ्लिकर की भूमिका निभाने को तैयार हैं। उनकी अनुपस्थिति में नवनीत कौर, मनीषा चौहान, उदिता और अनु ने क्वालीफायर मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। दीपिका की वापसी से अब आक्रमण में अनुभव और गहराई दोनों बढ़ेंगे। गोलकीपर सविता की वापसी से अर्जेंटीनी आक्रमण के खिलाफ टीम की रक्षापंक्ति को मजबूती मिलेगी।

# गुजरात टाइटंस ने रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को हराया, आखिरी गेंद पर मारी बाजी



नई दिल्ली, 8 अप्रेल। गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। आखिरी गेंद पर दिल्ली को जीत के लिए दो रन चाहिए थे लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए।

गुजरात टाइंटस ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए, इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम केएल राहुल और डेविड मिलर की दमदार पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। इसके साथ ही गुजरात टाइटंस ने लगातार दो हार के बाद जीत का खाता खोला है। टीम को आईपीएल 2026 में पहली जीत नसीब हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स ने 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। पथुम निसांका 24 गेंद में 41 रन बनाकर आउट हुए। नितीश राणा पांच रन ही बना सके। समीर रिजवी खाता नहीं खोल सके। डेविड मिलर कलाई में चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए। कप्तान अक्षर पटेल दो रन ही बना सके। स्टब्स 7 के स्कोर पर रन आउट हुए। केएल राहुल 52 गेंद में 92 रन बनाकर आउट हुए। विप्रज ने 12 रन का योगदान दिया। आखिरी गेंद पर कुलदीप यादव रन आउट हुए। डेविड मिलर 20 गेंद में 41 रन बनाकर नाबाद लौटे।

गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए। गुजरात के लिए जोस बटलर, कप्तान शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली। गुजरात की तरफ से गिल ने सर्वाधिक 70 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने दो विकेट चटकाए।

गुजरात टाइटंस ने पहले बैटिंग करते हुए दूसरे ओवर में साई सुदर्शन का विकेट गंवाया। सुदर्शन 7 गेंद में 12 रन ही बना सके। मुकेश ने उन्हें आउट किया। जोस बटलर 27 गेंद में 52 रन बनाकर पवेलियन लौट। कुलदीप ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 60 रन जोड़े। कप्तान शुभमन गिल ने 45 गेंद में 70 रन बनाए। वह लुंगी एनगिडी का शिकार बने। वॉशिंगटन सुंदर 55 रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स 14 रन बनाकर नाबाद लौटे। राहुल तेवतिया ने एक रन बनाया। दिल्ली की ओर से मुकेश ने दो विकेट लिए।

दिल्ली कैपिटल्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। गुजरात टाइटंस की टीम बिना बदलाव के उतरी है, जबकि गुजरात टाइटंस ने एक बदलाव किया हैं। शुभमन गिल की वापसी हुई है, कुमार कुशाठा बाहर हुए हैं। मांसपेशियों में जकड़न के कारण शुभमन गिल राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतरे थे। उनकी जगह राशिद खान ने कप्तानी की थी।

## ऑरेंज कैप जीतने के बाद तीनों फॉर्मेट में खेलना आसान नहीं : जायसवाल



*नई दिल्ली, 8 अप्रेल। मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की 27 रनों की बेहतरीन जीत हुई। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर यशस्वी जायसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस दौरान जायसवाल ने अपनी पारी को लेकर खुलकर बात की। बारिश के कारण से 11-11 ओवर के हुए मैच में यशस्वी जायसवाल ने महज 32 गेंदों में नाबाद 77 रन ठोके जिसमें 10 चौके और 4 छक्के भी शामिल थे।मैच के बाद यशस्वी जायसवाल ने कहा कि जब मैच छोटा हुआ तो उनके पास एक पक्का प्लान था। उन्होंने कहा कि, मेरे दिमाग में कुछ चल रहा था क्योंकि पावरप्ले सिर्फ 3 ओवर का था। मैं सोच रहा था कि किस गेंदबाज के खिलाफ रिस्क लेना है। जब दीपक चाहर भाई बॉलिंग कर रहे थे तो मुझे लगा कि मैं उन पर अटैक कर सकता हूं। फिर मुझे पता था कि बुमराह भाई आएंगे तो मैंने सोचा कि वैभव सूर्यवंशी उन्हें संभाल लेगा और मैं किसी और गेंदबाज को टारगेट करूंगा। वहीं यशस्वी ने माना कि हर फॉर्मेट में ढलना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, हर बार तीनों फॉर्मेट में खेलना आसान नहीं होता पर मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा हूं। मैं नए-नए शॉट्स सीखने और विकेट को समझने पर ध्यान दे रहा हूं। मैं बस ये देखता हूं कि टीम को क्या चाहिए। अगर मुझे पता है कि किस परिस्थिति में कौन सा शॉट खेलना है तो मैं उसी हिसाब से खेलता हूं। यशस्वी ने वैभव सूर्यवंशी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वैभव को खेलता देख उन्हें खुद मोटिवेशन मिलता है। दोनों मैदान पर लगातार बात करते हैं और यशस्वी उन्हें निडर होकर खेलने का हौसला देते हैं। फिलहाल, राजस्थान रॉयल्स लगातार 3 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। वहीं मुंबई इंडियंस 3 मैचों में महज 1 जीत के साथ 7वें नंबर पर है।*

## आयुष ने लिन शी फेंग को हराया

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। भारत के आयुष शेट्टी ने बुधवार को बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप में चीन के विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी लिन शी फेंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल यूएस ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाले विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने 51 मिनट में 21-13 21-16 से जीत दर्ज की। लिन ने शुरुआत में ही 4-1 की बढ़त बना ली, लेकिन आयुष ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में चीन के खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 4-1 से बढ़त हासिल कर दी।

## रियल मैड्रिड को घर में लगा बड़ा झटका, हैरी केन के गोल से बायर्न ने रौंदा



नई दिल्ली, 8 अप्रेल। स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड को अपने घरेलू मैदान पर जर्मनी के दिग्गज बायर्न म्यूनिख के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि यह मुकाबला यूरोप की सबसे बड़ी क्लब प्रतियोगिता यूईएफए चैंपियंस लीग के तहत खेला गया, जहां दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच की शुरुआत से ही बायर्न ने दबाव बनाना शुरू कर दिया था और रियल मैड्रिड की टीम रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए जवाबी हमलों पर निर्भर नजर आई। शुरुआती मौके में हैरी केन के पास बढ़त दिलाने का मौका था, लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो सका।

गौरतलब है कि पहले हाफ के अंत से ठीक पहले बायर्न को बढ़त मिल गई, जब सर्ज ग्नाब्री के पास से निकले पास पर लुइस डियाज ने आसान गोल कर दिया। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही माइकल ओलिसे के शानदार खेल के बाद हैरी केन ने लंबी दूरी से गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी।

हालांकि, रियल मैड्रिड ने इसके बाद वापसी की कोशिश की और किलियन एम्बाप्पे ने टीम के लिए एक गोल किया, जिसमें ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड का अहम योगदान रहा। इसके बावजूद टीम बराबरी हासिल नहीं कर सकी और मैच 2-1 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ।

अगर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात करें तो विनिसियस जूनियर ने गति और आक्रामकता दिखाई, लेकिन गोल के सामने सटीकता की कमी नजर आई। वहीं अल्वारो कारेरास का प्रदर्शन कमजोर रहा, जहां वह विपक्षी हमलों को रोकने में नाकाम रहे। मिडफील्ड में फेडेरिको वाल्वरडे और ऑरेलियन त्चौमेनी अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सके, जबकि सब्स्टीट्यूट के तौर पर आए जूड बेलिंगहैम ने कुछ हद तक टीम को मजबूती देने की कोशिश की। बता दें कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ के कुछ चयन फैसले भी सवालों के घेरे में रहे, खासकर युवा खिलाड़ियों को शुरुआत में मौका देना टीम के लिए भारी पड़ा।

## जोस बटलर ने टी-20 में 600 छक्के लगाकर रचा इतिहास

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप 5 खिलाड़ियों की लिस्ट में क्रिस गेल से लेकर जोस बटलर तक शामिल हैं। लिस्ट में चार प्लेयर एक टीम से ही हैं। बटलर ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस मैच के दौरान 600 सिक्स का आंकड़ा छुआ। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर ने टी20 क्रिकेट में 600 सिक्स कंप्लीट कर लिए हैं और इतिहास रच दिया। वह इस फॉर्मेट में 600 सिक्स का आंकड़ा छूने वाले पहले नॉन-वेस्टइंडीज प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस मैच में ऐसा किया। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ 27 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। बटलर ने अभी तक 496 टी20 मुकाबले खेले हैं।

## अंडर-20 पुरुष राजस्थान फुटबॉल चैम्पियनशिप का फाइनल मैच झुंझुनूं ओर फुटबाल अकादमी जोधपुर के बीच



जयपुर, 8 अप्रेल। राजस्थान राज्य अंडर-20 पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के तीसरे दिन आज क्वार्टरफाइनल मुकाबले बड़े ही रोमांचक अंदाज़ में खेले गए। जिला फुटबॉल एसोसिएशन चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज चार क्वार्टर फाइनल मुकाबला की शुरुआत सुबह 8:00 बजे ग्राउंड-1 पर जोधपुर और झुंझुनूं के बीच मुकाबले से हुई। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में झुंझुनूं ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

क्वार्टर फाइनल 2 पर खेले गए मुकाबले में उदयपुर और श्री गंगानगर की टीमें आमने-सामने रहीं, लेकिन मैच 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद 13 पेनल्टी शूटआउट में उदयपुर ने जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल 3 पर अजमेर और भीलवाड़ा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें भीलवाड़ा ने 2-1 से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल 4 पर कोटा और जोधपुर अकादमी के बीच खेले गए मैच में जोधपुर अकादमी ने 4-0 से शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

इसके बाद खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में झुंझुनूं ने उदयपुर को पेनल्टी किक्स में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में भीलवाड़ा और जोधपुर अकादमी के बीच कड़े मुकाबले में जोधपुर अकादमी ने जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बना ली। तीसरे दिन के इन रोमांचक मुकाबलों के बाद अब सभी की निगाहें फाइनल मुकाबले पर टिकी हुई हैं। झुंझुनूं और जोधपुर अकादमी के बीच फाइनल मैच कल सुबह 11 बजे खेला जाएगा, जिसमें दोनों टीमें खिताब के लिए पूरी ताकत झोंक देंगी।



## आईपीएल 2026 : एसएमएस में 25 को खेला जाना है लेकिन अब तक आयोजन समितियों का गठन नहीं हो पाया

जयपुर, 8 अप्रेल। राजस्थान में आईपीएल 2026 की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से मात्र दो सप्ताह पहले भी ऑर्गेनाइजिंग कमेटी का गठन नहीं हो पाया है। राजस्थान रॉयल्स का पहला मुकाबला 25 अप्रेल को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाना है, लेकिन अब तक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इस देरी के चलते आयोजन की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। माना जा रहा है कि आयोजन समिति के गठन पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

### आईपीएल के लिए बनाई जाने वाली समितियां

आइपीएल के मुकाबलों की तैयारी के लिए समन्वय समिति, समितियां: बीसीसीआई से, आरआर से समन्वय, क्रिकेट पिच एवं ग्राउंड स्टाफ कार्य वहीं मीडिया मैनेजर, सामान्य व्यवस्था, कानून, पार्किंग व्यवस्था एवं पुलिस संबंधी कार्य, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउस कीपिंग, सिक्योरिटी एंड सेफ्टी समिति बनाई जायेगी।

## जयपुर में 3 जुलाई से ओपन चेस टूर्नामेंट 2026 का आयोजन

जयपुर, 8 अप्रेल। शहर में शतरंज प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। 3 गुलाबी नगर ओपन चेस टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 11 से 12 अप्रैल 2026 को इंटरनेशनल स्कूल, जगतपुरा, जयपुर में किया जाएगा। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 60,000 की नकद राशि के साथ ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों जैसे ओपन, अंडर-07, अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, महिला, अनरेटेड एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता 6 राउंड के स्विस सिस्टम के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को 30 मिनट का समय तथा प्रति चाल 30 सेकंड का अतिरिक्त समय मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 10 अप्रैल 2026 शाम 5 बजे तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। 25 मार्च तक प्रवेश शुल्क 800 रखा गया है, जबकि इसके बाद 1000 शुल्क देना होगा। आयोजकों के अनुसार, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जयपुर के शतरंज खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक उत्कृष्ट अवसर साबित होगी।

## आईसीसी ने दी क्रिकेट कनाडा को अंतिम चेतावनी

नई दिल्ली, 8 अप्रेल। आईसीसी ने कनाडा क्रिकेट बोर्ड को सीधी और आखिरी चेतावनी दी है। आईसीसी ने कहा है कि अब होशियार होने का समय है नहीं तो हम यूएस की तरह क्रिकेट कनाडा पर क्जा कर लेंगे। ये चेतावनी अचानक आई है क्योंकि गवर्निंग बॉडी आमतौर पर बहुत धीरे काम करती है। क्रिकेट कनाडा को लंबी छूट आईसीसी ने दी, लेकिन अब चेतावनी जारी कर दी है कि अब उसे कुछ करना चाहिए। आईसीसी ने यूएस क्रिकेट के मामले में तेजी इसलिए दिखाई थी क्योंकि ये खेल 100 साल की लंबी गैरमौजूदगी के बाद 2028 में ओलंपिक खेलों में वापस आ रहा है। आईसीसी एक ऐसे देश से पैसा कमाना चाहता है जिसके पास सबसे ज्यादा मार्केटिंग पावर है। क्रिकेट कनाडा के प्रेसिडेंट अमजद बाजवा ने कन्फर्म किया कि आईसीसी ने एक ऑफिशियल को देश भेजा था जो क्रिकेट कनाडा की एग्जीक्यूटिव मीटिंग में शामिल हुआ था और तभी ये कार्रवाई हुई। बाजवा ने कहा कि, आईसीसी के अधिकारी ने साफ कर दिया था कि आईसीसी हमारे एसोसिएशन को भी वैसे ही अपने कंट्रोल में कर लेगा जैसे उसने यूएस में किया था। दरअसल, कई ऐसे मौके आए जब इस पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए थी लेकिन हुई नहीं। पिछले दो सालों में द टोरंटो सन ने एसोसिएशन की कई कमियों को उजागर किया है। इनमें एक सीईओ सलमान खान से जुड़ा मामला था।

## बैडमिंटन डबल्स में जय सिंह और जगदीश ने गोल्ड मेडल जीता



जयपुर, 8 अप्रेल। रेंज खेलकूद प्रतियोगिता आयुक्तालय जयपुर 2025/26 आयुक्तालय जयपुर द्वारा 7 और 8 अप्रैल को आयोजित की गई प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेश कांवट और पार्थ शर्मा एवं ओलंपियन सपना पूनिया इंस्पेक्टर द्वारा किया गया और प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल साहब और एडिशनल कमिश्नर योगेश दाधीच साहब ने खिलाड़ियों को पारितोषित वितरण किए। प्रतियोगिता में बैडमिंटन डबल्स में गोल्ड मेडल जय सिंह और जगदीश ने जीता। सिल्वर कुणाल और अजीत, ब्रोंज आदि रिंगा और चटर सिंह प्रतियोगिता में 200 (महिला एवं पुरुष) खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निम्न खेल आयोजित किए गए बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, तीरंजदारी, पंजेबाजी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. SHAHABAD**

File No. 07 Date: 06.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for "सा.नि.वि. खण्ड शाहाबाद के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य" NIT No. 01/2026-27 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 22.04.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 136.16 lacs.

**UBN No.- 1. PWD2627WSOB00190, 2. PWD2627WSOB00191 3. PWD2627WSOB00192, 4. PWD2627WSOB00193**

(Basant Kumar Gupta)
Executive Engineer
PWD Division Shahabad

DIPR/C/6582/2026

**Office of The Panchayat Samiti Sayla (Jalore)**

No.- 04 Date-06.04.2026

**Notice of Inviting Bid**

Bid for Rate Contract of Construction Material Supply as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats as below. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | UBIN | Estimate Bid cost | Last Date of Bid Submission |
|---|---|---|---|
| GP Alasan, Material RC | ZJR2627GLRC00044 | 100.00 Lakh | 12.04.2026, 6PM |
| GP Thalwad, Material RC | ZJR2627GLRC00045 | 100.00 Lakh | 15.04.2026, 6PM |
| GP Jeewana, Matrial RC | ZJR2627GLRC00047 | 50.00 Lakh | 15.04.2026, 6PM |

BDO Cum Program Officer (EGS)
Ranchayat Samiti Sayla (Jalore)

DIPR/C/6598/2026

राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ. नीलामी / निलामी (ERCC/RCC 06)/2026/ई-15050

**ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या (ERCC/RCC 06)/2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों / क्वारी लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क /अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 40 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(महावीर प्रसाद मीणा)
निदेशक

DIPR/C/6561/2026

**Office of The Panchayat Samiti Sayla (Jalore)**

No.- 001 Date-02-04-2026

**Notice of Inviting Bid**

Bid for Rate Contract of Construction Material Supply as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats & Panchayat samiti sayla as below. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. be visited

| Name of Gram Panchayat | UBIN | Estimate Bid cost |
|---|---|---|
| GP Narsana, Material RC | ZJR2627GLRC00024 | 60.00 Lakh |
| GP Revtda, Material RC | ZJR2627GLRC00023 | 80.00 Lakh |
| GP Teja Ki Beri, Matrial RC | ZJR2627GLRC00021 | 80.00 Lakh |
| GP Sirana, Matrial RC | ZJR2627GLRC00020 | 100.00 Lakh |
| GP Dabli, Material RC | ZJR2627GLRC00022 | 100.00 Lakh |
| GP Dadal, Material RC | ZJR2627GLRC00030 | 60.00 Lakh |
| GP Bhandavpur, Material RC | ZJR2627GLRC00032 | 60.00 Lakh |

BDO Cum Program Officer (EGS)
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

DIPR/C/6545/2026


# आरसीए एडहॉक कमेटी मीटिंग आगामी 11 को : संयोजक



जयपुर, 8 अप्रेल। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डा. मोहित जसवंत यादव के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान में क्रिकेट के विकास, युवा खिलाडियों को आवश्यक सुविधाओं सहित उच्च स्तरीय क्रिकेट गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन दिखाने, राज्य क्रिकेट को वापस पटरी पर लाने की जो जिम्मेदारी नव गठित आरसीए एडहॉक कमेटी को दी है उसे सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी अथक प्रयास कर रही है। आरसीए एडहॉक संयोजक के अनुसार जयपुर में आगामी आईपीएल मैचों के आयोजन को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार, राजस्थान रॉयल्स को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग देगी, आज भी आरसीए द्वारा ही सवाई मान सिंह स्टेडियम क्रिकेट ग्राउंड, आरसीए अकादमी क्रिकेट ग्राउंड का का रखरखाव आरसीए कर्मचारियों व मशीनरी द्वारा किया जा रहा है जिसपर आरसीए द्वार प्रतिमाह ग्राउंड स्टाफ की सैलरी व मशीनरी के रखरखाव पर बड़ा व्यय किया जा रहा है जिसके सम्बद्ध मैं जल्द ही आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य सरकार व प्रमुख शासन सचिव युवा एवं खेल मामलात विभाग से मिलकर उन्हें अवगत कराएँगे साथ ही हमारी कमेटी राज्य में क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था होने की जिम्मेदारी के तहत जयपुर में आयोजित होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के सबंध में में हर स्तर पर आरसीए की सहभागिता व सहयोग के सम्बन्ध में राज्य सरकार व प्रमुख शासन सचिव। युवा एवं खेल मामलात विभाग से चर्चा करेंगे। डा मोहिंत जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी की मीटिंग आगामी 11 अप्रैल को आरसीए ऑफिस में आयोजित होगी जिसमे मुख्य रूप से बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 में राज्य का प्रतिनिधित्व कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभन्न आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ पुरुष / महिला खिलाडियों के सम्मान हेतु आरसीए अवार्ड समारोह आगामी मई माह के प्रथम सप्ताह में आरसीए अकादमी पर आयोजित करने, राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आईपीएल के सामान व्यापक अवसर व उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए राजस्थान प्रीमियर लीग आयोजित करने पर विशेष जोर रहेगी।

> एडहॉक कमेटी आरपीएल लीग 2026 के आयोजन व राज्य के सर्वश्रेष्ठ पुरुष / महिला खिलाडियों हेतु अवार्ड समारोह आयोजित करने व राज्य सरकार को जयपुर में आईपीएल के आयोजन में आरसीए के हर स्तर सहयोग व सहभागिता हेतु अवगत कराएगी।

### युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिलेगी उच्च स्तरीय तकनीकी व खेल सुविधा : आशीष



आशीष तिवाड़ी, सदस्य एडहॉक कमेटी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी के निर्देषानुसासर राज्य के सभी जिला क्रिकेट संघ केंद्रों पर आगामी 15 अप्रैल से 31 मई 2026 के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष / महिला ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाडियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा जायेगा इसके लिए आरसीए एडहॉक कमेटी जिला क्रिकेट संघ को हर आवश्यक आर्थिक व तकनिकी सहयोग उपलब्ध कराएगी।

# मुख्यमंत्री ने इंद्रगढ़ में राम जल सेतु लिंक के चंबल एक्वाडक्ट का निरीक्षण किया

## उन्होंने टोडा भीम में किसान सम्मेलन को संबोधित किया व पुष्कर में गायत्री महायज्ञ में भाग लिया

कोटा/करौली/पुष्कर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बूंदी जिले की इंद्रगढ़ तहसील स्थित गुहाटा गांव पहुंचकर राम जल सेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें, राम जल सेतु लिंक परियोजना में निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ हों और निर्धारित समयावधि में पूरे हों।**

तथा प्रदेश की लगभग 40 फीसदी आबादी इससे लाभान्वित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो।

अधिकारियों ने बताया कि चम्बल एक्वाडक्ट कोटा के पीपल्दा समेल गांव तथा बूंदी के गुहाटा गांव के मध्य चम्बल नदी पर बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 2 हजार 280 मीटर है। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि एक्वाडक्ट का निर्माण 5060 पाइलों एवं 77 पाइल कैपों पर किया जाएगा। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, संभागीय आयुक्त कोटा अनिल कुमार अग्रवाल, जिला कलेक्टर कोटा पीयूष समारिया, राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अभियंता रवि सोलंकी सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बूंदी में राम जल सेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन चंबल एक्वाडक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया।*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को करौली जिले में टोडाभीम के नांगल शेरपुर गांव में किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने दो महत्वपूर्ण मार्गों करीरी-गाजीपुर-भैरोजी से राजौर वाया मेरेडा-खेडी जैचडी-माचडी और पथवारी से घासीराम बाबा आश्रम कदम खुण्डी वाया मातासूला-पाडली खुर्द सड़क निर्माण करने की एवं नांगल शेरपुर तहसील बालघाट में राजकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा की।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने नकली खाद बीज का काम करने वालों पर कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को ही पुष्कर में गायत्री महायज्ञ में दर्शन-पूजा की और यज्ञा चार्य प्रखर महाराज से मिले। इस दौरान भजन लाल शर्मा के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र भी थे।

## तेहरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साक्षात्कारों में यह संकेत मिलता है कि कई लोग बातचीत, न कि संघर्ष, को आगे बढ़ने का मार्ग मानते हैं।

हाल की रिपोर्टों में आर्थिक अस्थिरता और बेचैनी की व्यापक भावना भी सामने आई है, जिसमें बढ़ती कीमतें, बेरोजगारी और बुनियादी ढांचे की क्षति सरकार पर दबाव बढ़ा रही हैं और जनता की स्थायी शांति की इच्छा को मजबूत कर रही हैं।

सारांश में, आज का तेहरान एक ऐसे शहर का प्रतीक है, जो राहत तो महसूस कर रहा है, लेकिन आश्वस्त नहीं है, आशावादी है, लेकिन सतर्क भी। संघर्षविराम ने थोड़ी राहत दी है, लेकिन अधिकांश नागरिकों के लिए यह अभी तक भरोसे में बदल नहीं पाया है। प्रमुख भावना स्पष्ट है: शांति स्वागत योग्य है, लेकिन केवल तभी, जब यह स्थायी साबित हो, और यह अभी भी अनसुलझा सवाल है।

## पाक के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया और एक्स पर लिखा "प्रधानमंत्री शरीफ के भाईचारे वाले अनुरोध और अमेरिका द्वारा अपने 15-बिंदु प्रस्ताव के आधार पर वार्ता के अनुरोध, साथ ही पीओटीयूएस द्वारा ईरान के 10-बिंदु प्रस्ताव के सामान्य ढांचे को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार करने की घोषणा के संदर्भ में, मैं ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से घोषणा करता हूँ: यदि ईरान पर हमले रोके जाते हैं, तो हमारी शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएँ अपनी रक्षात्मक कार्रवाहियाँ बंद कर देंगी।"

## जयपुर मैट्रो ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिफाइनरी राजस्थान सहित देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुदृढ़ करेगी। इससे प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

## 'दो हाथियों की लडाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शाम को स्कूल की ओर से किसी ने फोन करके कुछ अभिभावकों को स्थायी तौर पर स्कूल बंद होने की सूचना दे दी। इस पर बुधवार को करीब 50-60 अभिभावक अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंचे और प्रिंसिपल से मुलाकात की। इस पर प्रिंसिपल की ओर से कहा गया कि स्कूल बिल्डिंग के मालिक विनय चौरडिया के साथ स्कूल प्रबंधन राजेश भाटिया का जमीनी विवाद पिछले कई सालों से चल रहा है, जिसमें कुछ समझौता होने की बात सामने आयी है। इस पर अभिभावक आग बबूला हो गए। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर स्कूल बंद ही करना था तो बच्चों का भविष्य क्यों खराब किया जा रहा है। सत्र 2026-27 शुरू करके 4-5 दिन पहले बच्चों से 60-65 हजार रुपए फीस एडवांस क्यों वसूली गई? इस पर घबराए प्रिंसिपल ने पहले तो अभिभावकों को फीस रिफंड करने का वादा किया, लेकिन जब अभिभावकों ने मौके पर मीडिया को बुला लिया तो उन्होंने गुरूवार से नियमित स्कूल संचालित होने की बातें कहकर पुनः झांसा देने की कोशिश की।

इसी बीच मामला गरमाया तो स्कूल शिक्षा विभाग से मनोज अग्निहोत्री तथा सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी मौके पर पहुंचे। अग्निहोत्री ने स्कूल प्रिंसिपल से दो टूक शब्दों में कहा कि स्कूल बंद किए जाने की हमें कोई सूचना नहीं दी गई है। अगर अचानक स्कूल बंद कर दोगे तो आर.टी.ई. में जिन 44 बच्चों को यहां दाखिला मिला है, उनके भविष्य का क्या होगा? ऐसे अचानक स्कूल बंद नहीं किया जा सकता, ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट शिक्षा विभाग को दी जाए, इसके बाद 1-2 दिन में कमेटी बनाकर इसका फैसला लेंगे।

वहीं विधायक गोपाल शर्मा ने अभिभावकों से बातचीत में कहा कि स्कूल बंद नहीं होगा और बच्चे इसी स्कूल में पढ़ेंगे। स्कूल को बीच सैशन में बंद नहीं किया जा सकता। अगर किसी ने स्कूल बीच में बंद करके भागने की कोशिश तो उन डायरेक्टर्स को गिरफ्तार किया जायेगा। वर्तमान में स्कूल के बाहर भारी पुलिस बल व अग्निशमन टीम तैनात है, किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

स्कूल बिल्डिंग मालिक विनय चौरडिया ने बुधवार शाम को अपने ऑफिस में कुछ अभिभावकों से बात की और कहा कि मैं इस जमीन का मालिक हूं और मुझे मेरे किराये से मतलब है, तथा पिछले 4 साल से करीब 4.21 करोड़ रुपए बकाया चल रहे हैं। इस पर एक अभिभावक पवन शर्मा ने नाराज होते हुए कहा कि, "आप दोनों हाथियों की लडाई में अभिभावक और बच्चे क्यों पिसें?" उन्होंने पूछा कि आप दोनों के बीच समझौता क्या कोर्ट के आदेश पर हुआ है? जिस पर चौरडिया ने कहा कि वर्ष 2024 में मैंने कोर्ट में याचिका दायर की थी, फिलहाल यह मामला राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले कोर्ट में लंबे समय तक खिंचते हैं, इसलिए हमने कोर्ट के बाहर ही समझौता कर लिया। राजेश भाटिया ने बाकायादा अपने शिक्षकों को 2-2 महीने की एडवांस तनख्वाह देकर स्कूल बंद करने का निर्णय लिया और हमें स्कूल का कब्जा सौंपा। ऐसे में यह कहना बेमानी होगा कि स्कूल के अध्यापकों और प्रिंसिपल को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। चौरडिया ने अभिभावकों को यहां तक कह दिया कि, पोद्दार स्कूल में मेरी पार्टनरशिप हैं, ऐसे में जो बच्चे वहां पढ़ना चाहें, एडमिशन ले सकते हैं। ऐसे में कुछ अभिभावकों ने कहा कि यह स्कूल 8 किलोमीटर है, आप उसी स्कूल को यहां संचालित क्यों नहीं कर लेते। इस पर उन्होंने साफ इनकार कर दिया।

## पुरानी संस्कृति व सभ्यता ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं थी। ईरान ने अब दो हफ्तों के लिए संघर्षविराम स्वीकार कर लिया है। लेकिन उसने वह हासिल कर लिया, जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति लड़ रहे थे- होर्मुज़ स्ट्रेट खोलना। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने इसे पार करने वाले हर जहाज पर 2 मिलियन डॉलर शुल्क लगाने का अधिकार भी प्राप्त कर लिया।

जब युद्ध शुरू हुआ था, तब होर्मुज़ ईरान के अधिकार में नहीं था। अब डॉनल्ड ट्रम्प ने होर्मुज़ स्ट्रेट ईरान को सीधे सौंप दिया है। यह विश्व के लिए एक बड़ा संकट है। किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग पर किसी तटवर्ती राज्य ने इस तरह से अधिकार नहीं किया, जैसा अब ईरान ने किया है। ईरान ने इसे नियंत्रित करने का दावा किया है।

फिर भी, डॉनल्ड ट्रम्प ने "संपूर्ण एवं समग्र" जीत का दावा किया है। ट्रंप के दावे की असलियत दुनिया के सामने स्पष्ट है, और अब किसी को भी अमेरिकी सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए भरोसा नहीं होगा।

दुनिया पूरी तरह ट्रम्प की अतिशयोक्ति से भरी बयानबाजी को देख रही है। जहाँ लगभग सभी देशों ने संघर्षविराम का स्वागत किया, वहीं, सब ने यह भी कहा कि होर्मुज़ को स्वतंत्र, अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग के रूप में खुला रखना आवश्यक है। ऐसा मानना है कि अचानक युद्ध और उसके बाद अचानक संघर्षविराम ने दुनिया को पहले से भी बदतर स्थिति के हवाले कर दिया है।

इसके अलावा, ईरान ने दस बिंदु वाली शांति योजना प्रस्तुत की है, जिसमें युद्ध से हुए नुकसान की पुनर्निर्माण राशि का भुगतान शामिल है। इसके साथ ही, उसने अपने संरक्षित समूहों पर हमलों को पूरी तरह रोकने की मांग की है, जैसे लेबनान में हिज़्बुल्लाह या यमन में हूती और अन्य।

जब अमेरिका ने युद्ध शुरू किया था, तब मुख्य उद्देश्य ईरान में शासन परिवर्तन का था। अब युद्ध के बाद और संघर्षविराम के दौरान, शासन देश और जनता के हाथ में बना हुआ है। शासन परिवर्तन का उद्देश्य स्पष्ट रूप से विफल रहा है।

इस शासन ने सत्ता बनाए रखने के लिए जनता के आंदोलन को बेरहमी से दबाया था, जिसमें कई हजार युवा प्रदर्शनकारियों की हत्या की गई। इस संघर्षविराम के साथ, ये तत्व फिर से सक्रिय हो गए हैं और भविष्य में और प्रदर्शनकारियों को दंडित कर सकते हैं।

यह ईरानी जनता के लिए एक बड़ा नुकसान है। युद्ध से पहले, वे अभी भी उम्मीद कर रहे थे कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति और प्रतिबंधों के तहत शासन की कमज़ोरी के कारण समय आने पर शासन गिर जाएगा और ईरान फिर से स्वतंत्र देश बन जाएगा।

अब, जब ईरान ने संघर्षविराम स्वीकार कर लिया है, वह पुनर्निर्माण के लिए भुगतान की मांग कर रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि पुनर्निमाण के लिए इतनी बड़ी राशि कौन देगा। लेकिन ईरान के दृष्टिकोण से, यह स्पष्ट रूप से आक्रांता का कर्तव्य होगा।

## मोजतबा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मारे गए। इसके साथ ही ईरानी अधिकारी यह कहते हैं कि वे "अभी भी सत्ता संभाल रहे हैं।"

ईरानी अधिकारियों ने मोजतबा को युद्ध कक्ष की ओर दृढ़ता से चलते हुए दिखाने वाला एक एआई-सृजित वीडियो भी जारी किया था। हालांकि, इसने उनके स्वास्थ्य को लेकर अटकलों को शांत करने में ज्यादा मदद नहीं की है।

# सुनेत्रा पवार दिल्ली पहुंची

- **राहुल गांधी से मुलाकात करेंगी बारामती से होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को हटाने का आग्रह करेंगी।**

मुंबई, 08 अप्रैल। महाराष्ट्र के बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर, राजनीतिक हलचलें तेज हो गई हैं. चुनाव निर्विरोध कराने की कोशिशें चल रही हैं. इस बीच एनसीपी (एपी) की उम्मीदवार व उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार दिल्ली पहुंच गई हैं।

चर्चा है कि वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करेंगी और उनसे निर्विरोध चुनाव को लेकर चर्चा करेंगी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद बारामती सीट पर उपचुनाव कराए जा रहे हैं। इस उपचुनाव में सुनेत्रा पवार सहित 52 उम्मीदवार मैदान में हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार ने भी नामांकन भरा है।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908